रोहतक
शुक्रवार 24 जुलाई 2026
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
दशमी वर्ष : 30, अंक : 170
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 34.6°C
न्यून. 23.0°C

haribhoomi.com

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

7 भारत ने महिला पेयर्स बॉल्स स्पर्धा में माल्टा को टाई-ब्रेक में हराया

फास्ट ट्रैक कोर्ट में मिलेगी पेपर लीक के दोषियों को सजा : मोदी

जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के के बीच पीएम का ऐलान | **बोले-युवाओं के कल्याण और भविष्य से बढ़कर कुछ नहीं** | **कैबिनेट इस पर सख्त फैसला लेगी संसद में बिल पास करवाएंगे** | **पेपर लीक लाखों माता पिता के लिए बहुत दुखद** | **पिछले ढाई माह में सरकार ने कई बड़े कदम उठाए हैं**

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ऐलान किया कि पेपर लीक के दोषियों को सजा देने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट्स बनाए जाएंगे। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। पीएम का यह ऐलान कॉकरोच जनता पार्टी और विपक्ष के प्रदर्शन के बीच आया है। सीजेपी पिछले 34 दिन से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रही है। वहीं, मोदी ने गुरुवार देर रात 12:00 वीडियो जारी कर कहा कि फास्ट ट्रैक कोर्ट का प्रस्ताव कैबिनेट बैठक में रखा जाएगा और इससे जुड़ा बिल संसद में पास करवाने की कोशिश करेंगे। पेपर लीक होने से लाखों माता-पिताओं को बहुत दुःख पहुंचा है। दोषियों को पकड़ लिया है। वे जेल में हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई होगी।

केंद्र बोला-हम वार्ता को तैयार, सीजेपी को चार बार बातचीत के लिए बुलाया

सीजेपी बोली, बात करनी है तो जंतर-मंतर पर आएं

सरकार ने गुरुवार को कहा कि वह कॉकरोच जनता पार्टी यानी सीजेपी के साथ किसी भी समय बातचीत के लिए तैयार है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले 24 घंटे में सीजेपी को जेपी नड्डा के घर या ऑफिस पर बातचीत के लिए 4 बार ऑफर भेजा जा चुका है। हालांकि, सीजेपी ने कहा है कि सरकार को बात करनी है तो जंतर-मंतर आए या फिर किसी न्यूट्रल जगह पर चर्चा करे। हम किसी के घर या ऑफिस नहीं जाएंगे। प्रदर्शनकारी नीट पेपर लीक मामले में जवाबदेही तय करने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

सीजेपी का आज देशभर में प्रदर्शन का ऐलान

कॉकरोच जनता पार्टी ने 24 जुलाई को देशभर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन का ऐलान किया है। 20 जुलाई के संसद मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। जंतर-मंतर पर सीजेपी के नेतृत्व में छात्रों का प्रदर्शन 20 जून से जारी है। वहीं, दिल्ली विवि वे अपने छात्रों और प्रोफेसर को चेतावनी दी है कि वे जंतर मंतर पर न जाएं और न ही प्रदर्शन में शामिल हों। प्रदर्शन में शामिल होने पर उन पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। साथ ही उनके करिअर पर भी असर पड़ सकता है।

नई दिल्ली। सीजेपी के समर्थक जंतर-मंतर पर सड़क किनारे रखे पत्थरों पर ही सो गए।

दिल्ली में फिर लागू हुआ एनएसए

पुलिस कमिश्नर को मिला हिरासत में लेने का अधिकार

दिल्ली में पुलिस कमिश्नर को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत लोगों को एहतियात के तौर पर हिरासत में लेने का अधिकार फिर से तीन महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। यह अधिकार 19 जुलाई से 18 अक्टूबर 2026 तक रहेगा। कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया कि यह फैसला जंतर-मंतर पर चल रहे सीजेपी छात्र आंदोलन को देखते हुए लिया गया है। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने इस दावे को गलत बताया है। पुलिस का कहना है कि यह हर तीन महीने में होने वाली सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया है। मौजूदा आदेश भी 7 जुलाई 2026 को ही जारी कर दिया गया था, यानी सीजेपी आंदोलन के तेज होने से पहले ही। इसलिए इसका मौजूदा प्रदर्शन से कोई सीधा संबंध नहीं है।

वांगचुक ने तोड़ा अनशन

मेदांता अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक ने गुरुवार देर रात अपना अनशन तोड़ दिया। जेपी नड्डा और जितेन्द्र सिंह उनसे गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में मिलने पहुंचे। इसके बाद वांगचुक ने अपना तोड़ने पर सहमति जताई। वे पिछले 26 दिन से अनशन पर थे।

वकील भी आए समर्थन में

सुप्रीम कोर्ट के वकीलों ने गुरुवार को जंतर-मंतर पर चल रहे छात्र आंदोलन का समर्थन किया। लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ के नारे लगाए। वकीलों ने कहा कि छात्रों की मांगों को सुना जाना चाहिए और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने के अधिकार की रक्षा होनी चाहिए।

17 मेट्रो स्टेशन बंद

दिल्ली मेट्रो के 17 स्टेशन लगातार दूसरे दिन बंद रहे। बाद में झंडेवाला मेट्रो स्टेशन को भी बंद कर दिया गया। स्टेशनों के बंद रहने से सैकड़ों ऑफिस जाने वाले लोगों और अन्य यात्रियों को लंबा और महंगा रास्ता अपनाना पड़ा।

कांग्रेस साथ खड़ी हो : गीतांजलि

26 दिनों से अनशन कर रहे सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि ने कहा- बच्चों को अपराधी की तरह पेश नहीं किया जाना चाहिए। कांग्रेस नेताओं को प्रधानमंत्री आवास के बजाय जंतर-मंतर जाकर छात्रों के साथ खड़ा होना चाहिए था।

हाईकोर्ट में सुनवाई आज

कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई होगी। एक जनहित याचिका में अपील की गई है कि प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली को बंधक बना दिया है। कई सड़कें बंद हैं और आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कनॉट प्लेस में सभी दुकानें और ऑफिस शाम 6:30 बजे तक बंद करने के आदेश

नई दिल्ली ट्रेडर्स एसोसिएशन ने 23 जुलाई को कनॉट प्लेस की सभी दुकानें, ऑफिस और रेस्टोरेंट को शाम 6:30 बजे तक बंद करने की अपील की है। एसोसिएशन ने अपनी एडवाइजरी में कहा कि कनॉट प्लेस के आसपास की गंभीर स्थिति को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। जंतर-मंतर और कनॉट प्लेस करीब एक किमी की दूरी पर हैं। जब जंतर-मंतर पर बड़ा प्रदर्शन या पुलिस कार्रवाई होती है, तो उसका असर आसपास के इलाकों खासकर कनॉट प्लेस, जनपथ, बाराखंभा रोड, मंडी हाउस और संसद मार्ग पर भी पड़ता है।

प्रदर्शनकारियों के पासपोर्ट किए जा सकते हैं रद्द

कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान हिंसा में शामिल प्रदर्शनकारियों के पासपोर्ट रद्द किए जा सकते हैं। दिल्ली पुलिस हिंसा से जुड़े वीडियो के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है, ताकी ऐसे प्रदर्शनकारियों की पहचान की जा सके। हिंसा को अंजाम देने वाले या उसमें सीधे तौर पर शामिल होने वालों पर एक्शन लेने की तैयारी है। कानूनी प्रावधानों के तहत हिंसा में सक्रिय रूप से शामिल लोगों के पासपोर्ट रद्द करने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। दिल्ली पुलिस का दावा है कि कई पुलिसकर्मी जंतर-मंतर के पास ड्यूटी के समय प्रदर्शनकारियों के हमले में घायल हो गए।

राहुल बोले-हमें छात्रों के साथ खड़े होने से कोई नहीं रोक सकता

गांधी स्मृति तक मार्च निकाला, राष्ट्रगान गाया मोबाइल की टॉर्च जला लाठीचार्ज का विरोध किया

नई दिल्ली। पेपरलीक और छात्रों के प्रदर्शन में लाठीचार्ज के खिलाफ राहुल गांधी ने विपक्ष के नेताओं के साथ गुरुवार शाम को उनके घर से गांधी स्मृति तक मार्च निकाला। उनके साथ शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (एसपी), टीएमसी, जेएमएम, राजद, लेफ्ट, समाजवादी पार्टी और आईयूएमएल के नेता भी शामिल रहे। इस मौके पर राहुल ने कहा कि पेपरलीक के चलते जिन छात्रों को खो दिया है, हम उन्हें याद कर रहे हैं। हमारे छात्र सड़कों पर हैं, इसलिए विपक्ष के सभी सांसदों को लगा कि हमें भी सड़कों पर उतरना चाहिए। हमें छात्रों के साथ खड़े होने से कोई नहीं रोक सकता। मार्च के पहले राहुल के घर पर विपक्षी सांसदों ने बैठक की। पुलिस ने मार्च के पहले ही सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी कर रखी थी। जगह-जगह बसें और बैरिकेड लगा रखे थे। जैसे ही मार्च शुरू हुआ, उनका रास्ता रोक दिया गया। हालांकि करीब 10 मिनट बाद रास्ता खोल दिया गया। इससे पहले 21 जुलाई को मल्लिकार्जुन खड़गे के

जन्मदिन पर राहुल-प्रियंका समेत कांग्रेस नेताओं ने पीएम हाउस तक मार्च किया था। वहां 2 घंटे तक धरने पर बैठ रहे थे। यह मार्च भी बेहद सीक्रेट रखा गया था। गांधी स्मृति पर राहुल गांधी ने कहा, 'हमारे नेता महात्मा गांधी की हत्या यहीं हुई थी। आज मोदी सरकार भारत में लोकतंत्र की हत्या कर रही है, छात्रों पर जुल्म कर रही है और उन्हें पीट रही है। विपक्ष इसे मंजूर नहीं करेगा। हम छात्रों के साथ हैं।

504 करोड़ रुपये का बैंक फ्रॉड मामला

सीबीआई ने मांगा आईएएस मोहम्मद शाइन की विदेश यात्राओं का रिकॉर्ड

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। सीबीआई ने हरियाणा के बहुचर्चित बैंक फ्रॉड मामले में अब सरकार से वरिष्ठ आईएएस मोहम्मद शाइन की 2011 से अब तक की विदेश यात्राओं का पूरा ब्योरा रिकॉर्ड सहित मांगा है। सूत्रों का कहना है कि गुरुवार को चंडीगढ़ और लुधियाना में पांच स्थानों पर छापेमारी कर कई अहम दस्तावेज और डिजिटल सबूत जब्त किए हैं। सीबीआई की कार्रवाई नगर निगम चंडीगढ़ और चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक खातों से सरकारी धन के कथित गबन से जुड़े मामले में की गई। तलाशी

सीबीआई की जांच ने तेजी पकड़ी, आरोपित अफसरों पर कसेगा शिकंजा

संदिग्ध लाभार्थियों, सीएससीएल के अधिकारी अनुभव मिश्रा और जांच से जुड़े अन्य निजी प्रतिष्ठानों पर की गई। एजेंसी यह जानना चाहती है कि इन यात्राओं के दौरान उनका उद्देश्य क्या था ? किसकी अनुमति से विदेश गए और यात्रा का खर्च किसने वहन किया। हालांकि, सीबीआई ने अभी तक उन्हें मामले में आरोपी नहीं बनाया है जांच जारी है।

छापों में मिले डिजिटल और वित्तीय सबूत

सीबीआई के अनुसार तलाशी के दौरान डिजिटल स्टोरेज डिवाइस, डिजिटल सिग्नेचर, संपत्ति संबंधी दस्तावेज, वित्तीय रिकॉर्ड, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए हैं। इनकी फोरेंसिक जांच के जरिए सरकारी धन के प्रवाह और अंतिम लाभार्थियों का पता लगाया जाएगा।

17 आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट

अब तक मामले में 17 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इनमें आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के छह बैंक अधिकारी, हरियाणा सरकार के तीन लोक सेवक, दो कंपनियां और छह निजी व्यक्ति शामिल हैं। सीबीआई के मुताबिक सेक्टर-32 स्थित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक शाखा से हरियाणा सरकार के आठ विभागों के लगभग 504 करोड़ फर्जी फिक्स्ड डिपॉजिट और फर्जी डेबिट ट्रांजैक्शन के जरिए निकालकर शेल कंपनियों तक पहुंचाए जाने का आरोप है। यह जांच पहले हरियाणा विजिलेंस एंड एंटी करप्शन ब्यूरो कर रहा था, जिसे बाद में राज्य सरकार के अनुरोध पर सीबीआई को सौंप दिया गया।

इराक बॉर्डर पर स्थित शलमचेह बॉर्डर क्रॉसिंग पर हवाई अटैक

ईरान का मिडिल-ईस्ट में अमेरिकी बेस पर हमला

जॉर्डन में थाड डिफेंस सिस्टम तबाह करने का दावा

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। ईरान ने गुरुवार को जॉर्डन और कुवैत में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल जवाबी हमले किए। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया कि जॉर्डन में तैनात अमेरिकी थाड़ (टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस) एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया गया है। इसके अलावा कुवैत में अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन के ऑपरेशन बेस पर भी हमला किया गया। इससे पहले अमेरिका ने बुधवार को लगातार 12वीं रात ईरान में इराक बॉर्डर पर स्थित शलमचेह बॉर्डर क्रॉसिंग पर हवाई हमला किया।

पुलिस को 6 महीने में ट्रायल पूरा करने के दिए आदेश

सोनम फिर जेल जाएगी सुप्रीम कोर्ट से जमानत रद्द

इंदौर। इंदौर के चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड की मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी की जमानत सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दी।

कोर्ट ने मेघालय पुलिस की याचिका पर सुनवाई के बाद गुरुवार को फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने सोनम को तीन हफ्ते में सरेंडर करने का आदेश दिया है। यानी सोनम को फिर जेल जाना होगा। कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट और ट्रायल कोर्ट ने गिरफ्तारी के आधारों की जानकारी दिए जाने में कथित खामियों के आधार पर जमानत देकर गलती की थी। इसके साथ ही कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिया कि मामले का ट्रायल 6 महीने के भीतर पूरा किया जाए।

सीबीआई बोली-पेपर चुराने, लीक करने के कोई सबूत नहीं मिले

2024 नीट पेपर लीक के मुख्य आरोपी संजीव को क्लीनचिट

चार्जशीट में 45 लोगों के नाम

पटना। पेपरलीक पर देशभर में चल रहे आंदोलनों के बीच 2024 नीट-यूजी के मुख्य आरोपी को क्लीनचिट मिल गई है। सीबीआई ने गुरुवार को बताया कि बिहार पुलिस ने संजीव मुखिया को इस मामले का मुख्य आरोपी बनाया था, लेकिन जांच में उसके खिलाफ प्रश्नपत्र चुराने या लीक करने के सबूत नहीं मिले। संजीव को इस मामले में जमानत मिल गई है, लेकिन वह अभी जेल में ही रहेगा। उस पर सिपाही बहाली पेपर लीक का भी केस है। सीबीआई ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की, इसमें 45 लोगों के नाम हैं। इस पेपर लीक की शुरुआती जांच बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने की थी।

सतह से हवा में मार करने वाली कुशा मिसाइल का परीक्षण

नई दिल्ली। डीआरडीओ ने ओडिशा के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से स्वदेशी लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली 'कुशा' का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया। यह भारत की हवाई सुरक्षा क्षमता में एक बड़ी कामयाबी है और इससे आयात पर निर्भरता कम होगी। यह पहला टेस्ट एक इलेक्ट्रॉनिक टारगेट के खिलाफ किया गया था, जो तेज रफ्तार और ज्यादा ऊंचाई वाले हवाई खतरे जैसा था। 'कुशा' मिसाइल सिस्टम कई तरह के हवाई ख़तरों को बेअसर करने में सक्षम है, जिनमें फाइटर जेट, मिसाइलें, बिना पायलट वाले हवाई वाहन और दुश्मन के बड़े विमान शामिल हैं। यह दूर तक और ज्यादा ऊंचाई पर काम कर सकता है। मिसाइल, रडार, कमांड और कंट्रोल सेंटर समेत हथियार सिस्टम के सभी हिस्से डीआरडीओ की अलग-अलग लैब और इंडस्ट्री पार्टनर्स ने विकसित किए हैं।

खबर संक्षेप

शिक्षा मंत्रालय के सचिव जोशी हटाए गए

नई दिल्ली (ब्यूरो)। केंद्र सरकार ने गुरुवार की रात शिक्षा मंत्रालय में बड़ा फेरबदल करते हुए नरेश

पाल गंगवार को शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग का नया सचिव नियुक्त किया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने आदेश दिया। केरल कैडर के 1994 बैच के आईएएस गंगवार, विनीत जोशी की जगह लेंगे, जिनका तबादला पंचायती राज विभाग के सचिव के रूप में कर दिया गया है। गंगवार मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय विभाग में थे।

भारत से दक्षिण-कोरिया तक 7000 किमी लंबी बादलों की बेल्ट

दो दिन में 170-180% बारिश, कई राज्यों में बाढ़ जैसे हालात

गुजरात के उमरगाम में 43 इंच बारिश, महाराष्ट्र के पालघर में कई गांव डूबे ट्रेनें भी कैंसिल

नई दिल्ली (एजेंसी)। देशभर में मानसूनी बारिश हो रही है। इससे कई राज्यों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। नई सैटेलाइट इमेज में भारत के हिमालय से दक्षिण कोरिया तक 7 से 10 हजार किलोमीटर लंबी बादलों की बेल्ट दिखाई दे रही है। इससे पूरे देश में भारी बारिश हो रही है। इसी वजह से देश में पिछले 2 दिनों में नॉर्मल से 170-180% बारिश हुई है। मध्य प्रदेश,

राजस्थान, यूपी, पंजाब, बिहार, छत्तीसगढ़ और गुजरात में लगातार 60 घंटे से बारिश हो रही है। गुजरात के दक्षिण गुजरात में भारी बारिश से बाढ़ के हालात हैं। उमरगाम तालुका में पिछले 24 घंटों में 43 इंच बारिश दर्ज की गई है। इससे निचले इलाके डूब चुके हैं। महाराष्ट्र के तटीय पालघर जिले में बाढ़ के हालात हैं। पश्चिम रेलवे ने एहतियात के तौर पर घोलवड़ और उमरगाम स्टेशनों के बीच रेल यातायात अस्थायी रूप से रोक दिया है। यूपी में 69 जिलों में बारिश का अलर्ट है।

प्रदेश के 6 जिलों में अच्छी बारिश

हरिभूमि टीम (हरियाणा)। प्रदेश के 6 जिलों में गुरुवार को मौसम ने अचानक करवट ली। फरीदाबाद, गुरुग्राम और महेंद्रगढ़ में तेज बारिश हुई। वहीं, यमुनानगर-फतेहाबाद और हिसार में भी बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को भी अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। उत्तरी हरियाणा के जिलों अंबाला, पंचकूला में रात में हल्की फुहारें पड़ सकती हैं, जबकि मध्य और दक्षिणी जिलों में मौसम आंशिक रूप से बादल छाए रहने की उम्मीद है। इससे पहले मानसून सीजन में प्रदेश में 24% कम बारिश दर्ज की गई थी। रोहतक-पानीपत में सबसे कम बारिश हुई है। प्रदेश में एक जून से 16 जुलाई तक

गुरुग्राम-फरीदाबाद में तेज बरसात, महेंद्रगढ़-हिसार में भी तापमान गिरा

रोहतक और पानीपत में सबसे कम बरसे बादल

सामान्य 129.9 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन केवल 98.1 मिमी ही दर्ज हुई है, यानी 24 प्रतिशत कम बारिश हुई। सबसे ज्यादा बारिश यमुनानगर में सर्वाधिक 202.8 मिमी बारिश दर्ज की गई है। कुरुक्षेत्र में भी 161.1 मिमी के साथ सामान्य से 22 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। वहीं सिरसा में सबसे कम 27.5 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य से 65 प्रतिशत कम है।

खबर संक्षेप

राज्यपाल से मिले केंद्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव

चंडीगढ़। केंद्रीय आयुष तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने बृहस्पतिवार को यहां लोक भवन में हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष से शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री के बीच हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं तथा आयुष क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। राज्यपाल प्रो. असीम घोष ने रेवाड़ी में निर्माणाधीन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि इस परियोजना को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा किया जाना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री गडकरी से मिले शिक्षामंत्री ढांडा

चंडीगढ़। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके आवास में शिष्टाचार भेंट की और प्रदेश के समग्र विकास व सड़क ढांचे के संबंध में उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने हरियाणा में शिक्षा के बुनियादी ढांचे और राजमार्गों की कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश भर में सड़कों और इंफ्रास्ट्रक्चर का अभूतपूर्व विकास हुआ है।

बच्चों को ज्ञान के साथ संस्कार देने पर फोकस

चंडीगढ़। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि उन्हें प्रदेश के शिक्षकों की क्षमता, समर्पण और कुशलता पर पूर्ण विश्वास है। शिक्षक ही बच्चों में ज्ञान के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और आत्मविश्वास का संचार कर विकसित भारत-2047 के निर्माण की मजबूत नींव तैयार कर रहे हैं। उन्होंने यह बात नई दिल्ली स्थित पूसा के भारत रत्न सी. सुब्रमण्यम सभागार में आयोजित राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के शिक्षा मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में कही।

मुख्यमंत्री की सख्ती : जनशिकायतों की सुनवाई के दौरान लापरवाही पर अधिकारियों पर गाज

एएसआई व एसडीओ सस्पेंड, सोलर कंपनी के कनेक्शनों की जांच के आदेश

सिरसा में कष्ट निवारण समिति की बैठक में 19 में से 18 शिकायतों का मौके पर निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में आयोजित जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में जनशिकायतों की सुनवाई के दौरान लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने अलग-अलग मामलों में रानियां थाना के एक एएसआई और बिजली निगम के एक एसडीओ को निलंबित करने के निर्देश दिए। साथ ही ट्यूबवेल कनेक्शन में हुई अनियमितताओं की जांच कराने और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की पड़ताल के आदेश दिए। मुख्यमंत्री ने सोलर पैनल कंपनी सोम कॉर्पोरेशन द्वारा जिले में लगाए गए सभी कनेक्शनों की जांच कराने तथा गुडियाखेड़ा निवासी विनोद कुमार की शिकायत पर कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कुल 19 शिकायतें सुनी गईं, जिनमें से 18 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि एक शिकायत लंबित रखी गई। मारपीट के एक मामले में ढाणी सतनाम निवासी कमलेश कौर की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। शिकायत में नाबालिग बच्चे से समझौते पर हस्ताक्षर करवाने की बात सामने आने पर उन्होंने इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए कार्रवाई के आदेश दिए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बैंक द्वारा प्रीमियम काटने के बावजूद मुआवजा नहीं देने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने संबंधित बैंक के खिलाफ कार्रवाई कर ब्याज सहित भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं पशुपालन एवं डेयरी विभाग के दिवंगत कर्मचारी की पेंशन से जुड़े मामले में भी जांच के आदेश दिए। ट्यूबवेल कनेक्शन संबंधी एक अन्य शिकायत में वर्ष 2010 में दूसरे की जमीन पर कनेक्शन जारी होने की बात सामने आने पर मुख्यमंत्री ने तत्कालीन अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई तथा एडीसी से जांच कराने को कहा। दोनों किसानों को अलग-अलग ट्यूबवेल कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

वीटा दुग्ध चिलिंग सेंटर का लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने 77वें जिला स्तरीय वन महोत्सव के तहत पौधारोपण भी किया। इसके बाद डबवाली में 3.30 करोड़ रुपये की लागत से बने वीटा दुग्ध चिलिंग सेंटर का लोकार्पण किया, जिसकी प्रतिदिन 20 हजार लीटर दूध भंडारण क्षमता है और इससे 35 से अधिक गांवों के दुग्ध उत्पादकों को लाभ मिलेगा। उन्होंने नागरिक अस्पताल में 90 लाख रुपये की लागत से सीएसआर के तहत स्थापित छह बेड वाले इंटीग्रेटेड ड्रग रिकवरी सेंटर का भी लोकार्पण किया। केंद्र में पुनर्वास वार्ड, मनोरोग विशेषज्ञ, परामर्श कक्ष, मनोवैज्ञानिक थेरेपी, समूह चिकित्सा कक्ष और ई-लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस मौके पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

दिल्ली प्रदर्शन पर विपक्ष पर निशाना

पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर विपक्ष के प्रदर्शन को विपक्ष का तांडव बताया।

उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन युवाओं को भड़काने का काम कर रहा है। पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में हुए पेपर लीक का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं का विश्वास जीता है। पंजाब सरकार पर भी भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए उन्होंने जवाब देने की बात कही।

हेपेटाइटिस के उपचार के लिए दस नए केंद्र खुलेंगे

- मरीजों को नि:शुल्क उपचार की सुविधा अब घर के पास मिलेगी

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने वायरल हेपेटाइटिस बी और सी से पीड़ित मरीजों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीएचसीपी) के तहत राज्य में 10 नए वायरल हेपेटाइटिस उपचार केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिससे मरीजों को निःशुल्क जांच, निदान, दवाइयां तथा दीर्घकालिक उपचार की सुविधा अपने घर के नजदीक उपलब्ध हो सकेगी। नए केंद्रों के शुरू होने के बाद हरियाणा में वायरल हेपेटाइटिस उपचार केंद्रों की संख्या 26 से बढ़कर 36 हो जाएगी। डॉ. मिश्रा ने बताया कि फरीदाबाद स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक नया उपचार केंद्र स्थापित किया जाएगा, जिससे शहर के औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों तथा ईएसआई लाभार्थियों को विशेष सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त फतेहाबाद जिले के रतिया और टोहाना, जींद के नरवाना, कैथल के गुहला, करनाल के असंध और नीलोखेड़ी, सिरसा के डबवाली और ऐलनाबाद तथा पानीपत के समालखा स्थित उपमंडल नागरिक अस्पतालों में भी नए उपचार केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

कंप्यूटर फैकल्टी और लैब अटेंडेंट का रुका मानदेय 24 तक जारी करें

- शिक्षा निदेशालय का डीईओ को निर्देश

चंडीगढ़। हरियाणा के सरकारी स्कूलों में कार्यरत कंप्यूटर फैकल्टी और कंप्यूटर लैब अटेंडेंट के लिए राहत की खबर है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने अप्रैल और मई 2026 का लंबित मानदेय जारी करने के लिए सभी जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ), जिला प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों (डीईईओ), प्रधानाचार्यों और डीडीओ को सख्त निर्देश जारी किए हैं। 22 जुलाई 2026 को जारी आदेश में निदेशालय ने कहा है कि बजट उपलब्ध होने और पहले भी निर्देश दिए जाने के बावजूद कई स्कूलों में अप्रैल और मई का मानदेय अब तक जारी नहीं किया गया है। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को 24 जुलाई तक हर हाल में भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

वृद्धावस्था पेंशन के आधार पर मेडिकल क्लेम खारिज करना अवैध : हाईकोर्ट

- कहा- आश्रित होने का निर्धारण केवल आय या पेंशन से नहीं, शारीरिक निर्भरता भी महत्वपूर्ण

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि सरकारी कर्मचारी के माता-पिता को केवल वृद्धावस्था पेंशन मिलने के आधार पर आश्रित मानने से इनकार नहीं किया जा सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि मेडिकल खर्च की प्रतिपूर्ति सरकारी कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवार के लिए एक वैधानिक कल्याणकारी अधिकार है, कोई सरकारी कृपा नहीं। जस्टिस संदीप मौदगिल ने हरियाणा रोडवेज कर्मचारी बलवंत सिंह की याचिका स्वीकार करते हुए हरियाणा सरकार का 14 अक्टूबर 2025 का आदेश रद्द कर दिया। अदालत ने सरकार को दो माह के भीतर 1,30,073 रुपये की मेडिकल प्रतिपूर्ति 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित देने का निर्देश दिया। तय समय में भुगतान नहीं होने पर 9 प्रतिशत ब्याज देना होगा। मामले में बलवंत सिंह की 85 वर्षीय माता चन्नो देवी का जुलाई 2024 में मोहाली के मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में हृदय का ऑपरेशन हुआ था। उपचार पर 1.30 लाख रुपये खर्च हुए। विभाग ने यह कहते हुए मेडिकल क्लेम खारिज कर दिया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन मिलती है, इसलिए वे आश्रित नहीं हैं।

गबन के आरोप में बर्खास्त रोडवेज कर्मचारी को हाईकोर्ट से राहत नहीं

चंडीगढ़। सरकारी धन के कथित गबन और फर्जी रसीद जारी करने के मामले में हरियाणा रोडवेज के पूर्व कर्मचारी को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट से

राहत नहीं मिली। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि विभागीय जांच में आरोप साक्ष्यों के आधार पर सिद्ध होने के बाद दंड में हस्तक्षेप का कोई आधार नहीं बनता। अदालत ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद-226 के तहत हाई कोर्ट विभागीय जांच में साक्ष्यों का पुनर्मूल्यांकन करने वाली अपीलीय अदालत की भूमिका नहीं निभा सकता। जस्टिस संदीप मौदगिल ने हिसार निवासी सोम नाथ की याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ता ने 26 फरवरी 2021 और 21 मार्च 2022 के उन आदेशों को चुनौती दी थी, जिनके तहत उन्हें सेवा से बर्खास्त किया गया और उनकी पेंशन स्थायी रूप से रोक दी गई थी। उन्होंने सेवा में बहाली और सभी सेवा लाभ ब्याज सहित देने की मांग की थी। रिकॉर्ड के अनुसार, सोम नाथ की नियुक्ति 2 अप्रैल 1984 को हरियाणा रोडवेज में स्टेनो टाइपिस्ट के रूप में हुई थी। नवंबर 1999 से मई 2000 के दौरान सरकारी चालान और कंपोजिशन फीस की राशि के गबन तथा जब्त वाहनों के संबंध में फर्जी रसीदें जारी करने के आरोप लगे। 17 जून 2000 को उन्हें निलंबित किया गया था।

पुलिस हिरासत में मारपीट के आरोप पर मानवाधिकार आयोग सख्त

- सोहना प्रकरण में स्वत: संज्ञान डीजीपी को आईजी रैंक अफसर से जांच कराने के निर्देश

चंडीगढ़। हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने गुरुग्राम के सोहना में पुलिस हिरासत के दौरान आरोपी की कथित पिटाई कर टांग तोड़ने के आरोपों पर स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने डीजीपी को निर्देश दिए हैं कि मामले की जांच आईजी रैंक से कम अधिकारी से न कराई जाए और अगली सुनवाई से एक सप्ताह पहले विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। आरोपी ने अदालत में आरोप लगाया कि पुलिस ने उसकी आंखों पर पट्टी बांधकर दो ईंटों के बीच पैर रखकर भारी वस्तु से वार किया और बाद में फ्लाईओवर से गिरने की झूठी कहानी बताने का दबाव बनाया। आयोग ने कहा कि यदि आरोप सही पाए गए तो यह कस्टोडियल हिंसा और कानून के शासन पर गंभीर हमला होगा। आयोग ने स्पष्ट किया कि अपराध का आरोप लगने मात्र से किसी व्यक्ति के संवैधानिक अधिकार समाप्त नहीं हो जाते।

अटेली में बनेगा आधुनिक रेस्ट हाउस

चंडीगढ़। हरियाणा के लोक निर्माण (भवन एवं सड़क) तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में महेंद्रगढ़ जिले के अटेली क्षेत्र के गांव उनींदा में 15.87 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक रेस्ट हाउस बनाया जाएगा। इसके निर्माण को प्रशासनिक मंजूरी दे दी गई है। मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि यह रेस्ट हाउस सभी जरूरी आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इसके बनने से क्षेत्र में बेहतर सुविधा मिलेगी। साथ ही, क्षेत्र में सरकारी कामकाज को भी और अधिक सुचारू ढंग से संचालित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि परियोजना की सभी तकनीकी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **साकिर, पुत्रः** इज़रैल, **निवासीः** गांव पचांका, तहसील हथीन, जिला पलवल, हरियाणा ने मुकदमा **FIR No. 356/2015, U/s 279/304A IPC, थानाः महेन्द्रा पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **साकिर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **साकिर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 356/2015, U/s 279/304A IPC, थानाः महेन्द्रा पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **साकिर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.09.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अमरदीप कौर
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (उत्तर)
कोर्ट नं. 117, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/10044/NW/2026
(Court Matter)

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

मु.न.185 दिनांक 14.07.2026 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना HSIIDC बड़ी जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान

नाम- सायना।
पति का नाम - दानिश।
पता - वासी गाँव बड़ी जिला सोनीपत।
उम्र - 21 वर्ष।
कद - 5 फुट 2 इंच।
हुलियाः- रंग गेंहुआ, हष्ट पुष्ट शरीर, गोल चेहरा, काले बाल, सामान्य आँखें, सामान्य नाक।
पहनावा - सूट सलवार व पैरों में लेडिज चप्पल पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 14.07.2026 को सायना पत्नी दानिश वासी गाँव बड़ी जिला जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई है अब तक वापिस नहीं आई है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना मो. नं. -7419410537
अनुसंधानकर्ता मो. नं. - 9050523850
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत। Dt. 23-07-26

पीआरडीएच-1084/11/5079/2027/47454/88/6 दि. 23.07.26

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, चरखी दादरी

मुकदमा नंबर 41 दिनांक 1703.2026 धारा 127(6) BNS थाना बौंदकला जिला चरखी दादरी

गुमशुदा की पहचान



गुमशुदा की तलाश करने बारे।
हुलिया – रंग सांवला, कद 5 फुट 2 इंच, उम्र 48 वर्ष
लाल टी-शर्ट, काली लोवर और पैरों में चप्पल पहने हुए।
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बलजीत पुत्र रामकुमार निवासी बौंदकला जिला चरखी दादरी (हरियाणा) दिनांक 17-11-2025 को अपने घर से बिना बताये चला गया जो अभी तक वापस नहीं लौटा है। अतः आमजन से निवेदन है कि अगर किसी को इसके बारे में कोई सुराग मिले तो कृपया नीचे दिये गये मोबाइल नंबरों पर सूचित करे।

पुलिस प्रवक्ता चरखी दादरी,
कृते पुलिस अधीक्षक, चरखी दादरी

प्रबंधक थाना बौंदकला - 7419301107
अनुसंधानकर्ता HC सचिन थाना बौंदकला - 9996399819
कोशल्या निवासी बौंदकला- 9588160416
पीआरडीएच-1084/11/5077/2027/47441/88/6 दि. 23.07.26

शिक्षक तबादला प्रक्रिया का शेड्यूल घोषित

1 से 7 अगस्त तक एमआईएस पोर्टल पर अपडेट करें डेटा

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने वर्ष 2026 की ऑनलाइन शिक्षक तबादला प्रक्रिया के लिए डेटा सत्यापन एवं प्रमाणीकरण का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके तहत सभी शिक्षक 1 से 7 अगस्त तक एमआईएस पोर्टल पर अपनी व्यक्तिगत और सेवा संबंधी जानकारी अपडेट व सत्यापित करेंगे। मेरिट अंक और कार्यकाल (टेन्योर) की गणना के लिए 31 जुलाई 2026 को कटऑफ तिथि निर्धारित की गई है। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों (डीईईओ) को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। विभागीय कार्यक्रम के अनुसार 8-9 अगस्त को शिक्षकों के स्कोर और टेन्योर का प्रकाशन होगा। 10 से 14 अगस्त तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराई जा सकेंगी, जबकि जिला स्तरीय समिति 15 से 21 अगस्त तक उनका निपटारा करेगी। जिला समिति के निर्णय 22 अगस्त को जारी होंगे। राज्य स्तरीय अपील 23 से 25 अगस्त तक की जा सकेगी, जिनका निस्तारण 26 से 28 अगस्त के बीच होगा। इसके बाद 29 और 30 अगस्त को स्कोर एवं टेन्योर की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा

क्र. सं.	निविदा संख्या	कार्य का विवरण	निविदा खुलने कि तिथि समय	अनुमानित लागत रूपये	धरोहर राशि रूपये	कार्य पूरा करने कि अवधि
1	OT-21/ 2026-27	एनुअल रिपेयर कॉन्ट्रैक्ट (ए.आर.सी.) फॉर पनकॉम मेक पीडी मक्स काईस फॉर थ्री ईयर्स ओवर अंबाला डिविजन.	17.08.2026 at 15.00 hrs	Rs. 2901557.97/-	Rs. 58000/-	36 महीने
2	OT-22/ 2026-27	कॉम्प्रिहेन्सिव एनुअल रिपेयर कॉन्ट्रैक्ट ऑफ सीईएल मेक डिजिटल एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी/एचएएसएसडीएसी) ओवर अंबाला डिविजन फॉर थी ईयसे.	17.08.2026 at 15.00 hrs	Rs. 14319178.60	Rs. 286400	36 महीने
3	OT-23/ 2026-27	1. प्रोविजन ऑफ ई०सी० सॉकेट ऑन 6 क्वाड केबल इन सरहिन्द – ऊना हिमाचल, अंबाला डिवीजन. 2. टेलीकॉम वर्क इन कनेक्शन विद कन्स्ट्रक्शन ऑफ 6मी.6मी सइज, लिमिटेड हाइट सबवे इन लिउ ऑफ लेवल क्रॉसिंग 5, बिटवीन खरर एण्ड जंक्शन कैबिन स्टेशन ऑफ सी०डी० जी०–एम०आर०एन०डी० सेक्शन टू इलिमनैट लेवल क्रॉसिंग इन द सेक्शन ऑफ एस.एस.ई/डब्ल्यू/सी.डी.जी. अंडर सीनियर ए०डी०ई०एन०/सी०डी०जी० 3. टेलिकॉम वर्क इन कनेक्शन विद कन्स्ट्रक्शन ऑफ 6मी०5मी. साइज एल०एच०एस० इन लिउ ऑफ लेवल क्रॉसिंग 6, बिटवीन खरर एण्ड जंक्शन कैबिन स्टेशन ऑफ सी०डी०जी०–एम०आर०एन०डी० सेक्शन ऑफ एस०एस०ई०/डब्ल्यू/सी०डी०जी० अंडर सीनियर ए०डी०ई०एन०/सी०डी० जी० 4. टेलिकॉम वर्क इन कनेक्शन विद कन्स्ट्रक्शन ऑफ 6मी०5 मी. साइज, एल०एच०एस० इन लिउ ऑफ लेवल क्रॉसिंग 7, बिटवीन खरर एण्ड जंक्शन कैबिन स्टेशन ऑफ सी०डी.जी .– एम०आर०एन.डी० सेक्शन ऑफ एस० ए०डी.ई०एन/सी.डी.जी० 5. टेलीकॉम एस्टिमेट इन कनेक्शन विद इम्प्रूमेंट/अपग्रेडेशन एट डी०टी०टी० एस०/के०एल०के० एट के०एल०के०. 6. टेलीकॉम एस्टिमेट इन कनेक्शन विद इम्प्रूव्मेंट/अपग्रेडेशन ऑफ सेफ्टी कैम्प डी०एम०पी	17.08.2026 at 15.00 hrs	Rs. 6350180.94/-	Rs. 127000/-	180 दिन
4	OT-24/ 2026-27	(i) सिग्नलिंग वर्क इन कनेक्शन विद यार्ड इम्प्रूवमेंट अंडर ज्यूरिस्डिक्शन ऑफ एडीईएन/सीडीजी। (ii) सिग्नलिंग वर्क इन कनेक्शन विद यार्ड इम्प्रूवमेंट अंडर ज्यूरिस्डिक्शन ऑफ एडीईएन/अंबाला (iii) सिग्नलिंग वर्क इन कनेक्शन विद यार्ड इम्प्रूवमेंट वर्क्स इन 20 याईस अंडर सिनियर. डीईएन/IV/अंबाला	17.08.2026 at 15.00 hrs	Rs. 9048084.67	Rs. 181000	180 दिन

नोटः वरि0 मंडल सिग0 एवं टेली0 इंजी0/उ0रे0, डी0आर0एम0 ऑफिस, रेल विहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारो से उपरोक्त संदर्भित कायों हेतु खुली निविदा दशार्यी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारो के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्कैन प्रतिलिपि अपलोड करे। 1. टैन्डर डाकूमैंट्स व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर लाग ऑन करें। 2. निविदाकारो को ई–टेण्डरिग मे भाग लेने के लिए उनके पास क्लास III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हे उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारो से निवेदन है कि टैन्डर नोटिस और टैन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टैन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ लें।

संख्या एस. डब्लू/सिग/अंबाला/एन.आई0टी.–07–2026–27 दिनांकः 22.07.2026

2533/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

बिजली निगमों से डेपुटेशन पर गए कर्मियों की होगी घर वापसी

- ऊर्जा मंत्री ने सभी कंपनियों से मांगी सूची, तकनीकी और गैर-तकनीकी स्टाफ की कमी दूर करने की कवायद

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने बिजली कंपनियों से डेपुटेशन पर विभिन्न विभागों में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों की वापसी की तैयारी शुरू कर दी है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने सभी बिजली निगमों से ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों का पूरा ब्योरा तलब किया है। विभाग में तकनीकी और गैर-तकनीकी स्टाफ की कमी को देखते हुए उन्हें मूल विभाग में वापस भेजने के निर्देश दिए गए हैं। भरोसेमंद सूत्रों के अनुसार, इस मुद्दे पर ऊर्जा मंत्री ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर स्थिति की समीक्षा की। बैठक के बाद सभी बिजली कंपनियों को डेपुटेशन पर गए कर्मचारियों और अधिकारियों की सूची तैयार कर भेजने के निर्देश दिए गए। सूत्रों का कहना है कि क्लास-थ्री कर्मचारियों से लेकर इंजीनियर स्तर तक कई अधिकारी-कर्मचारी लंबे समय से विभिन्न विभागों में डेपुटेशन पर कार्यरत हैं। अब सरकार इनकी सेवाएं दोबारा बिजली निगमों में लेने की तैयारी कर रही है, ताकि स्टाफ की कमी दूर की जा सके। ऊर्जा मंत्री ने स्पष्ट किया है कि बिजली निगम पहले से ही कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे हैं। ऐसे में डेपुटेशन पर गए कर्मचारियों को शीघ्र मूल विभाग में वापस भेजा जाए।

विधायकों के कार्यों पर देना होगा लिखित जवाबः ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अपने तीनों विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विधायकों द्वारा भेजे गए जनहित से जुड़े कार्यों पर अनिवार्य रूप से लिखित जवाब दिया जाए। यदि कोई कार्य पूरा हो जाता है तो इसकी सूचना संबंधित विधायक को दी जाए। अनिल विज ने कहा कि विधायक किसी भी राजनीतिक दल से हों, उनके माध्यम से आने वाले जनहित के कार्यों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

छात्रा ने फंदा लगाया

झज्जर। दुलीना पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव में छात्रा ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। निजी कंपनी में कार्यरत मृतका के परिजन जब सांय घर लौटे तो मामले का पता चला। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए शव को नागरिक अस्पताल भिजवाया।

पूर्व रेलवे

सूचना सं.: सिग_डब्ल्यू_5_पॉलिसी; दिनांक 21.07.2026; वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, मालदा, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पबं) द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_26-27_06_ओटी, दिनांक 20.07.2026; कार्य का नामः** (ए) जमा कार्य के आधार पर न्यू फरक्का-बल्लालपुर के बीच किमी. 255/2-3 पर एनटीपीसी मोड़, न्यू फरक्का में सीमित ऊंचाई के सबवे के निर्माण के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य। (बी) भागलपुर शंटिंग नेक में गुमटी सं.-1 पर अतिक्रमण वाले स्थान पर तथा गुमटी सं.-2 पर डॉयवर्सन रोड पर सीमित ऊंचाई के सबवे के प्रावधान के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य। (सी) एयर पुशिंग पद्धति के जरिए मालदा मंडल के सुजनीपाड़ा-अहिरन अनुभाग में लेवल क्रॉसिंग गेट सं. 26 के स्थान पर सीमित ऊंचाई के सबवे के निर्माण के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य का आकलन। (डी) मिर्जाचौकी स्टेशन में नई इलेक्ट्रॉनिक इन मोशन वेब्रिज के प्रस्ताव के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य। (ई) सीनि. डीईएन-1 अनुभाग के अधीन बिंदूबासिनी हॉल्ट स्टेशन के वर्तमान प्लेटफॉर्म के विस्तार एवं ऊंचा करने तथा अन्य आनुषंगिक कार्यों के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य। (एफ) भागलपुर-जमालपुर अनुभाग में नाथनगर, अकबरनगर एवं सुल्तानगंज स्टेशनों के वर्तमान मीडियम लेवल प्लेटफॉर्म के विस्तार एवं ऊंचा करने के संबंध में संकेत एवं दूरसंचार कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 2,57,50,663.49। **बयाना राशिः** रु. 5,15,000। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समयः** 28.07.2026 से 11.08.2026 को 11.00 बजे तक। **वेबसाइट विवरण एवं सूचना पट्टः** वेबसाइट **www.ireps.gov.in,** सूचना पट्टः सीनियर डीएसटीई कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा। (MLD-139/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल	केसीजीएमसी, करनाल में औषधि और कंज्यूमेबल (कैल्शियम ग्लुकोनेट इंजेक्शन 100 एमजी/एमएल, 10 एमएल, लेवेटीरेसिटम 500 एमजी इंज., हाइड्रोक्सीप्रोपिल मिथाइलसेलुलोज सोल्यूशन, इंज. फेनोकैन इत्यादि) की आपूर्ति के लिए ई-निविदा।	28.07.2026 04.08.2026	ईएमडी 10000	https://etenders.hry.nic.in	9896154463 director.kcghc-hry@gov.in
2	महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा पंजीरी प्लांट, गुरूग्राम	परिवहन निविदा।	बंद होने की तिथि 06.08.2026	ईएमडी 25000/-	https://etenders.hry.nic.in	9717288890 panjiriplant@gmail.com
3	महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा पंजीरी प्लांट, गुरूग्राम	एच.डी.पी.ई. बैग्ज निविदा।	बंद होने की तिथि 06.08.2026	ईएमडी 25000/-	haryanaeprocurement.gov.in	9717288890 panjiriplant@gmail.com
4	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला	सिंचाई विभाग के यांत्रिकी मण्डल फरीदाबाद हेतु मौजूदा मेनुअल एचओटी को ईओटी (इलैक्ट्रिक ऑपरेटेड ट्रेवलिंग क्रेन) के कनवर्जन द्वारा 05 टन क्षमता के 02 अदद डायरेक्शनल ईओटी क्रेन अनुमोदित मेक की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन।	23.07.2026 06.08.2026	14 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1722582542 xenproc@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच–11/2027/80/47470/I/88/6 दि. 23.07.26

जिम संचालक मर्डर केस में आरोपी बच्चू का एनकाउंटर

■ पुलिस ने पैर में गोली मारकर दबोचा, एक पिस्तौल, दो मैगजीन व 12 कारतूस बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

शहर के फव्वारा चौक पर हुए चर्चित जिम संचालक कपिल रेढू हत्याकांड में हांसी पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। सीआईए-2 टीम ने बुधवार देर रात पुठ्ठी मंगल खां के पास मुठभेड़ के बाद मुख्य आरोपियों की मदद करने वाले हिस्ट्रीशीटर रोहित उर्फ बच्चू (28) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से घायल हुए भिवानी निवासी रोहित को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मौके से एक पिस्तौल, दो मैगजीन और 12 कारतूस बरामद हुए हैं। बता दें कि 11 जून को बदमाशों ने हांसी में जिम संचालक कपिल रेढू की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

डीएसपी रविंद्र सिंह सांगवान ने बताया कि रोहित पर पहले से हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के 5 मामले दर्ज हैं। वह जमानत पर बाहर आकर हांसी में नई वारदात की फिराक में था। रोहित ने ही मुख्य हत्यारोपियों हिमांशु और प्रवेश को कपिल की रेकी करवाई थी और वारदात के बाद उन्हें पनाह व लॉजिस्टिक मदद दी थी। उल्लेखनीय है कि मामले के दोनों मुख्य शार्प शूटरों को हरियाणा एसटीएफ और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 4 जुलाई को बहादुरगढ़ में एनकाउंटर के दौरान ढेर कर दिया था। पुलिस अब रोहित से रिमांड के दौरान आगे की पूछताछ करेगी।

हरियाणा म्यूजिक अवॉर्ड-2026 की ट्रॉफी का मुख्यमंत्री नायब सैनी ने किया अनावरण

रोहतक। हरिभूमि और जनता टीवी की ओर से सोनीपत में होने वाले हरियाणा म्यूजिक अवॉर्ड-2026 की ट्रॉफी का अनावरण गुरुवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डीएलसीसुपवा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान किया। हरियाणा म्यूजिक अवॉर्ड-2026 का आयोजन 1 अगस्त को सोनीपत के जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेशभर के प्रसिद्ध गायक, गीतकार, संगीतकार, कलाकार और विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से हरियाणवी संगीत और संस्कृति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान हरिभूमि के स्थानीय संपादक हिमांशु घिल्डियाल, इवेंट मैनेजर ओमबीर हुड्डा और असिस्टेंट बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर गौरव सिंधु उपस्थित रहे।

जंतर मंतर पर लाठीचार्ज के विरोध में प्रदेश में कई जगह प्रदर्शन

गुरुग्राम में पुलिस से भिड़े कांग्रेसी बैरिकेड तोड़ लघु सचिवालय में घुसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे युवाओं पर लाठीचार्ज के विरोध की आग पूरे प्रदेश में फैल रही है। गुरुवार को गुरुग्राम, कुरुक्षेत्र, कैथल, फतेहाबाद और रोहतक समेत कई जिलों में कांग्रेस के अलावा छात्रों व कई जन संगठनों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। गुरुग्राम में डीसी ऑफिस में घुसने को लेकर प्रदर्शनकारी कांग्रेसियों व पुलिस की तीखी झड़प व धक्कामुक्की हुई।

गुरुग्राम में कांग्रेस के बैनर तले बड़ी संख्या में नेताओं व कार्यकर्ताओं ने लघु सचिवालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। दोपहर करीब 12 बजे कांग्रेसी सरकार विरोधी नारों के साथ आगे बढ़े तो रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात था और मुख्य गेट पर बैरिकेडिंग की गई। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी बहस हुई, जिसके बाद आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने पुलिस बैरिकेडिंग को जबरन तोड़ दिया और सचिवालय परिसर के भीतर दाखिल हो गए। परिसर के अंदर घुसकर कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की और वहीं जमीन पर बैठकर धरने पर बैठ गए। ग्रामीण जिला अध्यक्ष वर्धन राव ने कहा कि देश में पूरी तरह से तानाशाही का माहौल है। लोकतंत्र में विपक्ष को अपनी बात रखने का संवैधानिक अधिकार है, भाजपा की सरकार विपक्ष की आवाज को लाठी और डंडे के बल पर दबाने का कायराना प्रयास कर रही है। कांग्रेसियों ने उपायुक्त को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप मोदी सरकार को बर्खास्त करने की मांग की।

गुरुग्राम। लघु सचिवालय में पुलिस से भिड़ते कांग्रेसी।

पहलवान बजरंग-विनेश समर्थन में उतरे

छात्रों के समर्थन में जंतर-मंतर पहुंचे पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा कि जो सरकार भगवान राम के नाम पर सत्ता में आई थी, उन्होंने राम के नाम पर भी लूट मचाई। जब भगवान के नाम को नहीं बख्शा जा रहा, तो आम जनता किस खेत की मूली है। आज छात्रों की बारी आई है, कल किसी और की आएगी। वहीं, ओलंपियन रेसलर विनेश फोगाट ने पोस्ट में लिखा कि सरकार और दिल्ली पुलिस ने सारी हदें पार कर दी हैं। छात्र किससे न्याय मांगें?

प्रदेश में फूटा गुस्सा

कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने सरकार और दिल्ली पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की।

करनाल: लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को करनाल में शिक्षकों, विद्यार्थियों और कानून की पढ़ाई कर रहे छात्रों ने विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की

जींद : सीआरएस यूनिवर्सिटी के छात्र संगठन इंडिपेंडेंट यूथ फ्रंट, एनएसयूआई, किसान छात्र एकता संगठन और इनसो तथा एसएफआई के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया।

फतेहाबाद : जिला कांग्रेस और बार एसोसिएशन ने दिल्ली में जंतर-मंतर पर छात्रों पर लाठीचार्ज व मांगे न माने जाने पर प्रदर्शन किया।

रेवाड़ी : शहर में सैकड़ों छात्रों ने सड़कों पर उतरकर रोष प्रदर्शन किया और सचिवालय पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम सीटीएम जितेन्द्र कुमार को ज्ञापन सौंपा।

फरीदाबाद में 2 हजार रिश्वत लेते पुलिस कांस्टेबल गिरफ्तार

फरीदाबाद। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एनआईटी 5 थाने में तैनात सिपाही पंकज को 2 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। एसीबी के अनुसार, शिकायतकर्ता सौरभ ने ब्यूरो को शिकायत दी थी कि वर्ष 2020 में एनआईटी थाने में दर्ज एक मामले के संबंध में उसके चाचा के नाम कोर्ट से नोटिस आया था। इस नोटिस का जवाब तैयार कराने और मामले में कार्रवाई में मदद करने के नाम पर एनआईटी-5 थाना में तैनात सिपाही पंकज उससे 2 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था। शिकायतकर्ता रिश्वत नहीं देना चाहता था, इसलिए उसने इसकी जानकारी एसीबी को दी और ट्रैप लगाकर आरोपी को पकड़ा गया।

बच्ची से दुष्कर्म करने वाले को 40 साल कैद

पानीपत। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश-कम- फास्ट ट्रैक कोर्ट पॉक्सो, पीयूष शर्मा ने पांच साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के दोषी कृष्ण को 40 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। जज शर्मा ने दोषी कृष्ण पर 55 हजार का जुर्माना किया। इस मामले में दो साल पहले थाना मतलौडा में केस दर्ज है और दोषी बच्ची का पड़ोसी है और नाते में पीड़िता का दादा लगता है। इधर, पीडित किशोरी के वकील आनंद दहिया ने दोषी के खिलाफ अदालत में सशक्त पैरवी की।

हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष नन्द लाल का निधन

चंडीगढ़। हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष नन्द लाल शर्मा का गुरुवार तड़के निधन हो गया। गुरुवार दोपहर बाद मनीमाजरा श्मशान घाट में अनेक गणमान्य लोगों की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। नन्द लाल शर्मा ने 2 फरवरी, 2024 को हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग के अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की थी। इससे पूर्व वे एसजेवीएन लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके थे। मूल रूप से हिमाचल प्रदेश के ऊना के ढोहक गांव के निवासी शर्मा अपनी प्रशासनिक दक्षता, सादगी और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए जाने जाते थे। जानकारी के अनुसार, 18 जुलाई को उन्हें अचानक ब्रेन स्ट्रोक आया। निजी अस्पताल में उपचार के दौरान 23 जुलाई को तड़के 1:15 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। शर्मा अपने पीछे पत्नी ललिता शर्मा, पुत्र अभिनव शर्मा, पुत्री अदिति शर्मा तथा दामाद वासु डोगर सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

चोरी के आरोपी का शव थाने में लटका मिला

पलवल। चोरी के एक आरोपी की पुलिस हिरासत में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी सैफ का शव हवालात के अंदर लटका हुआ पाया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और ग्रामीण उटावड़ थाने पहुंच गए। थाने पहुंचे ग्रामीणों ने एक पंचायत की, जिसमें थाना परिसर और हवालात की सीसीटीवी फुटेज देखने का निर्णय लिया गया। पंचों ने स्वयं फुटेज देखी। पुलिस का दावा है कि आरोपी ने आत्महत्या की है और ग्रामीणों को भी सीसीटीवी फुटेज दिखाई गई। मृतक सैफ की मां सायरा ने हथीन के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास के समक्ष एक याचिका दायर की। याचिका में आरोप लगाया गया है कि सैफ पुलिस हिरासत में था और उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस की थी। उन्होंने पुलिस हिरासत के दौरान सैफ के शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है। मृतक की मां की शिकायत के बाद मामले की न्यायिक जांच शुरू कर दी गई है।

इंग्लैंड में जींद के युवक की संदिग्ध हालात में मौत

फौजी परिवार बेटे का शव विदेश से लाने की लगा रहा गुहार

■ चार साल बीटेक करने के बाद अब दो दिन पहले मिली थी नौकरी, पार्क में मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सफीदों क्षेत्र के गांव धर्मगढ़ बोहली निवासी गुरकीरत सिंह (23) की इंग्लैंड में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गुरकीरत सिंह चार साल पहले स्टडी वीजा पर इंग्लैंड के वॉर्सेस्टर गया था। उसने दिसंबर 2025 में बीटेक की डिग्री भी प्राप्त कर ली थी और दो दिन पहले ही उसे नौकरी का ऑफर लेटर भी मिल गया था। ऐसे में अब खुशियां दरवाजे पर दस्तक दे रही थी, लेकिन अचानक उसकी मौत की खबर आने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। गुरकीरत को जनवरी 2027 में घर आना था, लेकिन अब परिजन उसकी पार्थिव देह वापस लाने की सरकार से गुहार लगा रहे हैं। गुरकीरत सिंह के पिता सतनाम सिंह आर्मी में हवलदार के पद पर करीब तीन साल अपनी सेवा देने के बाद फिलहाल रोडवेज में कंडक्टर के पद पर कार्यरत हैं। वहीं ताऊ लखविंदर सिंह आर्मी में सूबेदार व चाचा कश्मीर सिंह आर्मी में कांस्टेबल के पद से रिटायर्ड हैं। पिता ने बताया कि दो दिन पहले ही नौकरी मिलने की खुशी में उसने करीब 35 मिनट बात की थी। वह खुश लग रहा था। परिजनों ने बताया कि गुरकीरत पढ़ाई के साथ-साथ एक कंपनी में पार्ट टाइम नौकरी भी करता था। वह अपनी ड्यूटी खत्म कर पार्क में घूमने गया था लेकिन इसके बाद वह अपने कमरे पर वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद अगली सुबह गुरकीरत का शव उसी पार्क में संदिग्ध अवस्था में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

प्राध्यापक पर छात्र ने किया चाकू से हमला

जींद। नरवाना में संस्था के स्कूल प्राध्यापक पर कुछ छात्रों ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने एक छात्र को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नरवाना निवासी सतीश कुमार ने बताया कि वह नरवाना में संस्था के स्कूल में फिजिक्स के प्राध्यापक हैं। गत 21 जुलाई को सुबह स्कूल के ही 12 वीं कक्षा के छात्र गांव हथो निवासी आशीष ने व्हाट्सअप कॉल कर जान से मारने की धमकी दी। स्कूल की छुट्टी होने के बाद वह अपने घर जा रहे थे। रास्ते में आशीष तथा उसके दोस्तों ने पीछे से चाकू से हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। बताया कि छात्र आशीष अपराधिक प्रवृति का है। स्कूल से सस्पेंड भी किया जा चुका है। पिता द्वारा शपथ पत्र दिए जाने पर आरोपित को दाखिला स्कूल में दिया गया था।

लद्दाख की दुर्गम पहाड़ियों में कनीना के लाल ने दिया सर्वोच्च बलिदान

शहीद वीरेंद्र सिंह को सैन्य सम्मान से दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

भारतीय थल सेना में कार्यरत जेसीओ वीरेंद्र सिंह ने लद्दाख की दुर्गम पहाड़ियों पर अपना कर्तव्य का निर्वह करते हुए शहादत पाई। 46 वर्षीय वीरेंद्र सिंह का गंभीर बीमारी के चलते निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर अटेली मोड़ के समीप पहुंचा तो नगरवासियों ने तिरंगा बाइक यात्रा यात्रा निकाल कर संवदेना जताई। हिसार से आई सैन्य टुकड़ी ने उन्हें सशस्त्र सलामी दी। लेफ्टिनेंट कर्नल नरेंद्र बेनीवाल, एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार पोरुष पहल, सिटी थाना एसएचओ तपेंद्र कुमार, स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के पीए गोविंद गोस्वामी, नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा, पूर्व चेयरमैन सतीश जेलदार, पटवारी अनूप सुहाग, राजसिंह, एडवोकेट जेपी लोढ़ा, पार्षद होशियार सिंह, वाइस चेयरमैन सूबेसिंह, दीपक चौधरी, अमित कुमार, जयप्रकाश कोटिया चेयरमैन मार्किट कमेटी, डॉ. रविंद्र शर्मा, मुकेश नंबरदार, कप्तान भरपूर सिंह सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

वर्ष 2001 में सेना में भर्ती हुए वीरेंद्र ने पटियाला, बाड़मेर और जम्मू-कश्मीर जैसे विभिन्न क्षेत्रों में देश की सेवा की थी। वर्ष 2002 में मालडा गांव में उनकी शादी हुई। बाड़मेर पोस्टिंग के दौरान उनकी पदोन्नति जेसीओ पद पर हुई थी। फरवरी 2026 में अंतिम बार छुट्टी पर आए थे, उसके बाद ड्यूटी पर लेह-लद्दाख रवाना हो गए थे। उनके पिता जगमाल सिंह भी भारतीय सेना में रह चुके थे।

कनीना। शहीद वीरेंद्र सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित करते एसडीएम।

गंभीर बीमारी का हुए शिकार

घटना 14 जुलाई की बताई गई है। जब जेसीओ वीरेंद्र सिंह लेह जिले के दुर्बुक सेक्टर, बुरत्से में सुबह करीब 6:45 बजे वॉशरूम के पास बेहोशी की हालत में मिले थे। मेडिकल जांच में उन्हें 'एमसीए टेरिटरी इन्फार्क्ट' मस्तिष्क से जुड़ी एक गंभीर न्यूरोलॉजिकल स्थिति डायग्नोस होना पाया गया। इस हालात के लिए प्राथमिक तौर पर पर्वत की अत्यधिक ऊंचाई और उम्र को इसका संभावित कारण माना गया है। चंडीगढ़ के कमांड अस्पताल में ऑपरेशन करने के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।

खबर संक्षेप

इंडसइंड बैंक के लाभ में 72 फीसदी का इजाफा

मुंबई। निजी क्षेत्र के इंडसइंड बैंक का चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 72 प्रतिशत बढ़कर 1,037.05 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले इसी तिमाही में बैंक ने 604.07 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था। बैंक ने इसके पहले जनवरी-मार्च तिमाही में 594.17 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

भारत में निवेश के अवसर तलाशते रहेंगे : टेमासेक

मुंबई। सिंगापुर की सरकारी निवेश कंपनी टेमासेक का भारत में निवेश मार्च, 2026 को समाप्त वित्त वर्ष में घटकर 42 अरब डॉलर रह गया, जो एक साल पहले 50 अरब डॉलर था। भारत अब भी टेमासेक के लिए सबसे महत्वपूर्ण निवेश गंतव्यों में से एक है। निवेश में कमी का मुख्य कारण अगस्त, 2025 में श्नाइडर इलेक्ट्रिक से 6.4 अरब डॉलर की निकासी रही।

एसआरएफ का लाभ 76% बढ़कर 759 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। रसायन क्षेत्र की कंपनी एसआरएफ लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 76 प्रतिशत बढ़कर 758.87 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 432.32 करोड़ रुपये था।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

अदाणी का 'आसमान का राजा' बनने की तैयारी! एयर इंडिया-इंडिगो को देंगे टक्कर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- अदाणी की मुंबई और दिल्ली एयरपोर्ट में 74 फीसदी हिस्सेदारी है

अदाणी ग्रुप ने सरकार से उस नियम में बदलाव की मांग की है जो देश के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट- नई दिल्ली और मुंबई-के ऑपरेटर्स को किसी शेड्यूल्ड एयरलाइन में 10 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी रखने से रोकता है। इससे एनर्जी से लेकर डिफेंस तक का कारोबार करने वाले इस ग्रुप को एयरलाइन शुरू करने और एविएशन सेक्टर में अपनी पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस सेक्टर में ग्रुप पहले से ही आठ एयरपोर्ट चलाने के अलावा पायलट ट्रेनिंग, एयरक्राफ्ट की मरम्मत और ग्राउंड हैंडलिंग जैसे कामों में मजबूत मौजूदगी रखता है। अदाणी के पास अभी मुंबई एयरपोर्ट में 74 फीसदी हिस्सेदारी है, जबकि दिल्ली एयरपोर्ट में जीएमआर एयरपोर्ट्स की 74 फीसदी हिस्सेदारी है।

अदाणी ग्रुप के पास आठ एयरपोर्ट के अलावा पायलट ट्रेनिंग व एयरक्राफ्ट मरम्मत जैसे काम

करना पड़ सकता है विरोध का सामना

अदाणी ने कहा कि सरकार को यह सुझाव दिया गया था कि ऐसा नियम बनाया जाए जिससे कोई पाबंदी न हो। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अभी ग्रुप के अंदर किसी एयरलाइन को खरीदने के बारे में कोई ठोस बातचीत नहीं चल रही है। अदाणी ग्रुप ने सवालों का कोई जवाब नहीं दिया। एयरलाइन अधिकारियों का कहना है कि इस ग्रुप के प्लान का घरेलू एयरलाइंस कड़ा विरोध कर सकती हैं और कॉम्पिटिशन रेगुलेटर इसकी बारीकी से जांच कर सकते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि इससे एयरपोर्ट तक पहुंच, खासकर स्लॉट अलॉटमेंट में, अनुचित फायदा मिल सकता है और कॉम्पिटिशन का माहौल बिगड़ सकता है।

अभी कोई पक्का फैसला नहीं : जीत अदाणी ने कहा कि मैन्युफैक्चरिंग यूनिट तभी कमर्शियली कामयाब हो सकती है जब उसे प्लेन के लिए बड़ा ऑर्डर मिले। अदाणी के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि अभी कोई पक्का फैसला नहीं लिया गया है, लेकिन इसमें कोई शक नहीं है कि ग्रुप के लिए एयरलाइन शुरू करने में तालमेल (सिनर्जी) की संभावना है।

इंडिगो और एयर इंडिया को भी मिलेगा मौका

इंडस्ट्री के सीनियर अधिकारियों का कहना है कि अगर सरकार अदाणी के प्रस्ताव को मंजूरी देती है, तो इससे इंडिगो और एयर इंडिया जैसी एयरलाइंस को भी एयरपोर्ट में हिस्सेदारी खरीदने की इजाजत मिल जाएगी, जिससे वे अपने प्रतिद्वंद्वियों को रोक सकती हैं। एयरलाइन इंडस्ट्री के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि अदाणी ग्रुप के पास देश में आठ एयरपोर्ट हैं, जिनमें मुंबई का मुख्य एयरपोर्ट भी शामिल है। उन्होंने कहा कि अगर मकसद मोनोपॉली (एकाधिकार) को रोकना था, तो इसका उल्टा असर होगा-कोई भी एयरपोर्ट मालिक जो एयरलाइंस के साथ कॉम्पिटिशन कर रहा है, वह अपने प्रतिद्वंद्वियों को अच्छे स्लॉट पाने से रोक सकता है।

सरकार तोड़ना चाहती है एआई और इंडिगो का दबदबा

मंत्रालय सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से उस नियम में पिछली तारीख से बदलाव करने की कानूनी वैधता पर राय मांग रहा है। यह नियम 2006 में इन दोनों एयरपोर्ट्स के प्राइवेटाइजेशन के समय हुए समझौतों में शामिल किया गया था। ऐसे किसी भी बदलाव के लिए कैबिनेट की मंजूरी जरूरी होगी। सीनियर अधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार शायद एक अच्छी-खासी फंडिंग वाली एयरलाइन ऑपरेटर चाहती है जो इंडिगो और एयर इंडिया की डुओपॉली (दो कंपनियों का दबदबा) को तोड़कर जरूरी कॉम्पिटिशन ला सके। ये दोनों कंपनियां मिलकर घरेलू मार्केट के लगभग 90 फीसदी हिस्से को कंट्रोल करती हैं।

इस कदम से छोटे खुदरा कारोबारियों के कारोबार पर असर नहीं पड़ेगा

सरकार ने निर्यात के लिए भंडारण-आधारित ई-कॉमर्स मॉडल में एफडीआई की अनुमति दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने केवल निर्यात उद्देश्यों के लिए भंडारण-आधारित ई-कॉमर्स मॉडल में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की बृहस्पतिवार को अनुमति दे दी। इस कदम से छोटे खुदरा कारोबारियों के कारोबार पर असर डाले बिना भारत के निर्यात को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। भंडारण-आधारित ई-कॉमर्स मॉडल के तहत खुदरा कारोबार में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति नहीं है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने प्रेस नोट में कहा, भारतीय विक्रेताओं को वैश्विक बाजारों तक आसान और व्यापक पहुंच उपलब्ध कराकर निर्यात बढ़ाने के उद्देश्य से मौजूदा एफडीआई नीति की समीक्षा की गई है।

भारत के निर्यात को बढ़ावा मिलने की उम्मीद

भारतीय विक्रेताओं की वैश्विक बाजारों तक आसान और व्यापक पहुंच होगी

निर्यात बढ़ाने के उद्देश्य से मौजूदा एफडीआई नीति की समीक्षा की गई

माल सीधे उपभोक्ताओं को बेचा जाता है

इस मॉडल में वस्तुओं और सेवाओं का भंडार ई-कॉमर्स कंपनी के स्वामित्व में होता है और उन्हें सीधे उपभोक्ताओं को बेचा जाता है। डीपीआईआईटी ने नीति में एक नया प्रावधान जोड़ा है जिसके अनुसार, ''ई-कॉमर्स इकाई को विदेश व्यापार नीति, 2023 और विदेशी मुद्रा प्रबंधन विनियम, 2015 के लागू प्रावधानों के अनुरूप भारत में विनिर्मित और/या उत्पादित वस्तुओं एवं उत्पादों के केवल निर्यात के लिए माल भंडार-आधारित ई-कॉमर्स मॉडल अपनाने की अनुमति होगी।''

कारोबार से कारोबार में एफ़डीआई की अनुमति है

विभाग प्रेस नोट (पीएन) के माध्यम से एफडीआई नीति में बदलाव जारी करता है। मौजूदा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति के अनुसार, कारोबार-से-कारोबार (बी2बी) ई-कॉमर्स और मार्केटप्लेस मॉडल में एफडीआई की अनुमति है।

भारत का ई-कॉमर्स निर्यात दो अरब डॉलर

यह फैसला इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि सरकार ई-कॉमर्स के जरिये निर्यात बढ़ाने के उपायों पर काम कर रही है। सरकार ई-कॉमर्स निर्यात केंद्र (ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट हब) स्थापित करने जैसे अन्य उपायों पर भी काम कर रही है। अनुमानों के अनुसार, वर्तमान में भारत का ई-कॉमर्स निर्यात लगभग दो अरब अमेरिकी डॉलर का है जबकि चीन का करीब 350 अरब अमेरिकी डॉलर है।

मर्सिडीज-बेंज इंडिया हाइब्रिड वाहन लाना रखेगी जारी

एजेंसी/नई दिल्ली

जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज-बेंज भारतीय बाजार में हाइब्रिड वाहनों की अपनी पेशकश जारी रखेगी। कंपनी का कहना है कि भले ही इस प्रौद्योगिकी के लिए नीतिगत प्रोत्साहन का अभाव हो, फिर भी वह ग्राहकों की अंतर्निहित मांग को पूरा करने के लिए हाइब्रिड गाड़ियां लाती रहेगी।

मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने अपने एएमजी ई 53 प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन (पीएचईवी) के दो संस्करण क्रमशः 1.45 करोड़ रुपये और 1.48 करोड़ रुपये (भारत में शोरूम कीमत) की कीमत पर पेश किए हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा कि हाइब्रिड वाहन उन ग्राहकों के लिए एक माध्यम का काम करते हैं, जो अभी पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए तैयार नहीं हैं।

कार्यालय, रा० प्रा० पा०- नठेड़ा (16747), खंड नाहड़ (रेवाड़ी)

सार्वजनिक सूचना

रा० प्रा० पा० - नठेड़ा (16747) खंड नाहड, जिला-रेवाड़ी के जर्जर भवन के 4 कमरें, बरामदे सहित की नीलामी हेतु योग्य और रजिस्टर्ड निवेदक बोली दाताओं को दिनांक-26 जुलाई 2026 को प्रात: 10 बजे विद्यालय प्रांगण में वांछित दस्तावेजों सहित आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित दरों की 25% सिक्योरिटी राशि उसी दिन नकद या चैक के माध्यम से जमा करवानी होगी व जर्जर भवन को निर्धारित समय सीमा में तोड़ना होगा।

हस्ता/- SMC G.P.S- Nathera
खंड नाहड़, जिला-रेवाड़ी
मोबाईल- 94664-19297, 97297-37318

सेंसेक्स 364 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला बृहस्पतिवार को चौथे दिन भी जारी रहा। पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण कच्चे तेल के दाम में उछाल से मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 364 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में 127 अंक की गिरावट आई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 363.66 अंक यानी 0.47 प्रतिशत टूटकर 76,391.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 603.07 अंक लुढ़ककर 76,151.98 अंक तक आ गया था।

हरियाणा सरकार **निविदा सूचना**

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड, पंचकूला	आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्षीय दर अनुबंध पर एचपीएलसी मशीन की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना।	22.07.2026 05.08.2026	2,88,41,792/-	www.hmscl.org.in	8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2027/60/47447/I/88/6 दि. 23.07.26

राशिफल

मेष – कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

वृष – कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

मिथुन – अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

कर्क – आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

सिंह – पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

कन्या – नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

तुला – आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

वृश्चिक – वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

धनु – रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

मकर – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

कुंभ – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

मीन – रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

सोना 400 रुपये टूटा चांदी भी कमजोर

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 400 रुपये टूटकर 1,49,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। यह गिरावट कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुझानों की वजह से आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमतों में भी गिरावट आई और यह बुधवार के 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) के बंद स्तर से 300 रुपये टूटकर 2,29,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (M.P.)
(NAAC A* Accredited Central University/NAAC द्वारा A* ग्रेड मान्यता प्राप्त केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
Website: www.dhsgsu.edu.in

स्नातक प्रोग्रामों में प्रवेश हेतु सूचना : 2026-27
ADMISSION NOTICE FOR UNDERGRADUATE PROGRAMS: 2026-27

निम्नलिखित विषयों पर स्नातक कार्यक्रमों (सत्र 2026-27) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:
(1) बैचलर ऑफ आर्ट्स (बी.ए.) (2) बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बी.एफ.ए.) (3) बैचलर ऑफ कॉमर्स (बी. कॉम) (4) बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बी.बी.ए.) (ऑनर्स) (5) बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बी.बी.ए. बैंकिंग एण्ड फाइनेंस) (6) बैचलर ऑफ साइंस (बी.एस.सी. बायो. समूह) (7) बैचलर ऑफ साइंस (बी.एस.सी. गणित. समूह) (8) बैचलर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन (बी.सी.ए.) (9) बैचलर ऑफ फार्मेसी (बी. फार्म.) (10) बी.ए.एलएल.बी. (ऑनर्स. 05 वर्ष) (11) बैचलर ऑफ आर्ट्स (जर्नलिज्म एण्ड मास कम्युनिकेशन) (बी. ए.जे.एम.सी.) (12) बैचलर ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स (तबला तालवाद्य) (13) बैचलर ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स (हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत) (14) बैचलर ऑफ आर्ट्स (वैदिक अध्ययन) (15) बैचलर ऑफ आर्ट्स (अंग्रेजी साहित्य) (ऑनर्स)।
एकीकृत शिक्षा आईटीईपी कार्यक्रमः (1) बी.ए.-बी.एड. (2) बी.एससी.- बी.एड (बॉयो / गणित समूह) (3) बी.कॉम.- बी.एड.

पंजीकरण की अंतिम तिथि	26.07.2026	संपर्क विवरणः	
		फोन. 07582-297123	ईमेलः admission@dhsgsu.edu.in

● प्रवेश संबंधी विवरण, कार्यक्रम और नवीनतम अपडेट के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.dhsgsu.edu.in का प्रतिदिन अवलोकन करना अपेक्षित है।

कुलसचिव
CBC- 21273/11/0001/2627

COURT NOTICE (U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF MS. MANSI GAUR ADDITIONAL CIVIL JUDGE (SENIOR DIVISION), GANAUR
CASE NO. CM/4/2025
KRISHAN S/O BEGRAJ VS. KRISHAN S/O RAMPHAL
NEXT DATE OF HEARING: 27-08-2026

It is prayed before the the Hon'ble Court that keeping in view ot the facts and circumstances mentioned in the application, final decree may kindly be passed after appointment of Local Commission as per rule, in the interest of justice.

PUBLICATION ISSUED TO:
2. Sudesh W/o Jaldheer S/o Preet Singh, 3. Mukesh S/o Suraj Bhan, 4. Lalita W/o Pawan Kumar S/o RAm Chander, 5. Satya Devi W/o DhanParkash S/o Harikishan, 6. Santosh W/o Sat Narayan S/o Tek Ram, 7. Parveen W/o avinder S/o Balbir, 8. Anguri Devi W/o Raghvir S/o Bhartu Ram, 9. Narender S/o Lakhmi Ram S/o Suraj Mal, 10. Pinki W/o Vikram S/o Angad, 11. Santosh W/o Rajroop S/o Baru Ram, 12. Sushma W/o Neeraj S/o Mahavir, 13. Rekha D/o Khushi Ram S/o Chander Bhan, 14. Mukesh Kumar S/o Inder Singh S/o Hoshiyar Singh, 15. Kavita W/o Vinod Kumar S/o KrishanDutt, 16. Sajni W/o Sunil S/o Hawa Singh, 17. Rajbala W/o Ram Bhajan S/o Mahender, 18. Devender Kumar S/o Lakhmi Chand S/o Raghvir Singh, 19. Smt. Saroj W/o DhanParkash S/o Hari Sinagh, 20. Smt. Ompati W/o Jagbir S/o Fateh Singh, 21. Smt. Rajwanti W/o Subhash S/o Ramdia, 22. Santosh Kumari W/o Dilbag S/o Hawa Singh, 23. Gulab Singh S/o Maha Singh S/o Fateh Singh, 24. Smt. Kamlesh W/o Bhojat S/o IshwarDass, 25. Dharambir S/o SurajBhan S/o Phool singh, 26. Vipin S/o Satish S/o Bhim Singh, 27. Smt. Paramjeet W/o Chhinder Pal S/o Ram Parkash, 28. Seema W/o Devender Singh S/o Ramphal, 29. Smt. Meena W/o Ashok S/o Bhaiya Ram, 30. Meena W/o Dharamvir S/o Lakhmi Chand, 31. Santosh W/o Sunil S/o Lakhmi Chand, 32. Poonam W/o Sat Narain S/o Lakhmi Chand, 33. Smt. Nirmala Rani W/o Jai Parkash S/o Tek Chand, 34. Smt. Maya Devi W/o Rajender Singh S/o Rambhaj, 35. Sanjeev Kumar S/o Ramdev S/o Shiv Narain, 36. Smt. Gayatri Devi W/o Ramphal S/o Chhotu Ram, 37. Smt. Manju Rani W/o Sunder S/o Tika Ram, 38. Dipika D/o Ranvir Singh S/o Kanwar Singh, 39. Smt. ParvenKumari W/o Ravinder S/o Balbir Singh, 40. Smt. Nirmala W/o Krishan Kumar S/o Man Singh, 41. Smt. Shimla Devi W/o Jai Kishan S/o Bhaiya Ram, 42. Smt. Sunita W/o Anil S/o KrishanLal, 43. Smt. Meena W/o Ramesh Kumar S/o Tek Chand, 44. Om Parkash S/o Dhara Singh S/o Juglal, 45. Rajender S/o Kali Ram S/o Risala, 46. Smt. Sunita Devi W/o Suresh Kumar S/o Dharambir, 47. Nirmala Devi W/o Bijender Singh S/o DayaNand, 48. Smt. Munesh W/o Munna S/o Lachhman, 49. Smt. ShashiBala W/o Satbir S/o Ram Kishan, 50. Hukam Singh S/o Sis Ram S/o Sundu Ram, 51. Smt. Devki W/o Satpal S/o Om Parkash, 52. Smt. Usha Devi W/o Jagbir S/o Om Parkash, 53. Smt. Meena W/o Satbir S/o Rambhaj, 54. Smt. Indrawati W/o Attar Singh S/o Dei Ram, 55. Smt. Indrawati W/o Ramdia S/o Sardara, 56. Smt. Bimla W/o Lilu S/o Bhartu, 57. Smt. Anita W/o Rajvir S/o Satpal, 58. Jai Bhagwan S/o BanwariLal S/o Indraj, 59. Ashok Kumar S/o SatyaParkash S/o Banwari, 60. Krishan Kumar S/o Jagat Singh, 61. Gajraj S/o Jagat Singh, 62. Suresh Kumar S/o Jagat Singh, 63. Smt. Usha Devi W/o Nathu Ram, 64. Sarita W/o Atma Ram, 65. Gayatri W/o Subhash, 66. Kamla W/o Satbir, 67. Saroj W/o Satish S/o Ram Singh, 68. Smt. Nirmla Devi W/o Krishan chand S/o Roop Chand, 69. Bijender S/o Mool Chand S/o Sis Ram, 70. Geeta Rani W/o Satbir S/o Inder Singh, 71. Raj Rani W/o Kashmir Singh S/o Baldev, 72. Smt. Angoori Devi W/o Dharam Pal S/o Fateh Singh, 73. Lalita W/o Pawan S/o Ram Chander, 74. Seema Devi W/o Harvir S/o Raghvir Singh, 75. Vimla W/o Naresh S/o Tara Chand, 76. Saroj Devi W/o Mom Parsad, 77. Daya Kaur W/o SurajBhan, 78. Smt. Rajesh Kumari W/o Satpal S/o Chandgi, 79. Smt. Suman W/o Ajit Singh S/o Bindra, 80. Smt. Priyanka W/o Levish S/o Jai Bhagwan, 81. Smt. Sundro Devi W/o Mukesh S/o SurajBhan, 82. Smt. Anita W/o Naresh Kumar S/o Sardar Singh, 83. Jaideep S/o Jai Bhagwan S/o Dhanna, 85. Sint. Daya Kaur W/o SurajBhan S/o KundanLal, 84. Jagdeep S/o Jai Bhagwan S/o Dhanna, 86. Smt. Kamlesh W/o Jagvir Singh S/o Brahm Singh, 87. Smt. Sarita Rani W/o Anil S/o Mohan Lal, 88. Smt. Saroj Rani W/o Ashok Kumar S/o Ramphal, 89. Sint. Raj Rani W/o Kashmir Singh S/o Baldev Ram, 90. Smt. Satwanti W/o Ram Chander S/o Dhaja Ram, 91. Smt. Kela Devi W/o Ramehar S/o Puran, 92. Sariya S/o Gyani Ram S/o Sunehra, 93. Smt. Krishna W/o Lalit S/o MadanLal, 94. Smt. Suman W/o Ajay Kumar S/o Ram Gopal, 95. Smt. Sushila Devi W/o Virender Singh S/o Jagdev Singh, 96. Smt. Basanti W/o Jai Parkash S/o Duli Chand, 97. Smt. Murti Devi W/o Chander Singh S/o Duliya, 98. Rakhi W/o Naresh Kumar S/o Babu Ram, 99. Roshni W/o Ram Karan S/o Dalip Singh 100. Smt. Bala Devi W/o Pale Ram S/o Nathu Ram, 101. Smt. Sheela W/o Rakesh S/o SurjBhan, 102. Smt. Krishana Devi W/o VikramGir S/o MamnGir, 103. Smt. Lakshmi Devi W/o KrishanLal S/o BhagwanDass, 104. Smt. Chanderpati W/o Jai Kishan S/o Jagan, 105. Smt. Sunita W/o Rajender Singh S/o Jeetu Ram, 106. Smt. Chhaya W/o Ashok Kumar S/o Ramphal, 107. Smt. Rajo Devi W/o Rajbir S/o Shri Niwas, 108. Smt. Pushpa Devi W/o Chandgi Ram S/o Ram Chander, 109. Smt. Santosh W/o Pawan Kuma S/o Bhulan, 110. Smt. Kusum W/o HariNiwas S/o Kalu Ram, 111. Smt. Ompati W/o Dharam Singh S/o Jai Singh, 112. Smt. Neelam W/o Rajender S/o Deep Chand, 113. Smt. Gunwati W/o Rajender Singh S/o Ratan Singh, 114. Smt. Bhateri W/o Balbir Singh S/o Lal Chand, 115. Smt. Kamla Devi W/o VedParkash S/o ChhotuLal, 116. Geeta W/o Vinod S/o Ram Kawar, 117. Chander Kala W/o Prem Chand S/o JugmanderDass, 118. Munni Devi W/o Shekhar Chand S/o JugmanderDass, 119. Mamta W/o Dharamvir S/o Karan Singh, 120. Jaideep S/o Jai Bhagwan S/o Dhan Singh, 121. Smt. Naresh Devi W/o Krishan Kumar S/o Ramdia, 122. Smt. Krishna Devi widow of Kehar Singh S/o Dharam Singh, 123. Smt. Doli W/o Vinod S/o Om Parkash, 124. Parveen S/o SatyaParkash S/o LachhmanDass, 125. Lachhmi W/o Dharmvir S/o SurajBhan, 126. Smt. Shakuntla W/o Anand Kumar S/o Ram Kishan, 127. Smt. Jaswanti W/o Randhir Singh S/o Ram Singh, 128. Smt. Kamla W/o Mehtab S/o Gordhan, 129. Smt. Mukesh W/o Rajpal S/o Vijay Singh, 130. Smt. Urmila W/o Satpal S/o Vijay Singh, 131. Om Parkash S/o Bichha Ram S/o Munshi Ram, 132. Smt. Simla Devi W/o Ramehar S/o Dharam Singh, 133. Smt. Saroj W/o Ram Kawar So Hardeva Ram, 134. Smt. Bala Devi W/o Dharmpal S/o Parbhu Dayal, 135. Smt. Darshna W/o Bijender S/o Dalel Singh, 136. Smt. Usha W/o Tasvir S/o Jai Kishan, 137. Anand S/o Inder Singh S/o Kehri, 138. Smt. pooja W/o Manish S/o Sukhbir, 139. Smt. Babita W/o Purushotam S/o Jai Narayan, 140. Smt. Indra W/o Jogender S/o Ram Singh, 141. Smt. Priya W/o Deepak Kumar S/o Ram Nand, 142. Smt. Satwanti W/o Maha Singh S/o Mange Ram, 143. Seema W/o Jogender S/o Ram Kawar, 144. Raj Dulari W/o Satbir S/o Chandulal, 145. Mausam W/o Jai Lal S/o Ram Chander, 146. Suresh S/o Sita Ram S/o Banwari, 147. Babita W/o Ramesh Chander, 148. Kamlesh W/o Dharambir S/o Ram Dhan, 149. Sheela W/o Rajender S/o Hoshiyar Singh, 150. Rajbala W/o Om Parkash S/o Lal Chand, 151. Raj Rani W/o Kashmira S/o Baldeva, 152. Ashok S/o Ranjeeet S/o Tika Ram, 153. Smt. Sushila Devi W/o Rajender Singh S/o Ramdia, 154. Santosh W/o Desh Raj S/o Jaidiyal, 155. Sunder S/o Kalu Ram S/o Bhagwana, 156. Saroj W/o Suresh Kumar, 157. Poonam W/o Bhim Singh S/o Gordhan, 158. Parshant S/o ShyamParsad S/o Ram Kishan, 159. Babita W/o ShyamParsad, 160. Anguri Devi W/o KrishanDutt, 161. Krishna W/o Raj Singh S/o Tara Chand, 162. Bala W/o Ram Charan S/o Rati Ram, 163. Pushpa W/o Satish Kumar S/o Lakhi Ram, 164. Gyan Chand S/o Ram Parkash S/o Ram Lal, 165. Santosh W/o Anil S/o Mauji Ram, 166. Kamlesh W/o Bijender S/o Mauji Ram, 167. Bimla W/o Hariom S/o Narayan Dutt, 168. Tilak Ram S/o Jagjit Singh S/o Chhajju Ram, 169. Saroj W/o Ram Kawar S/o Hardeva Ram, 170. Naresh S/o Tara Chand S/o Rati Ram, 171. Smt. Devi W/o Vinod S/o Vasdev, 172. Krishna W/o Sube Singh S/o ChunniLal, 173. Rajrani W/o Ramesh Kumar S/o Dharam Chand, 174. Sheela W/o Rakesh S/o SurajBhan, 175. Resham W/o Adesh S/o BrahmDutt, 176. Neeraj Rani W/o Lalit S/o Jasram, 177. Suresh Devi W/o Naresh Kumar S/o Om Parkash, 178. Sundri Devi W/o Mukesh S/o SurajBhan, 179. Sureshwati W/o Dharampal S/o Tek Chand, 180. Veena W/o Jagdish S/o Asha Ram, 181. Ram Devi W/o Sukhbir Singh S/o Jai Dayal, 182. Saroj Rani W/o Ashok Kumar S/o Ramphal, 183. Arti W/o Sushil S/o Rajender, 184. Raj Rani W/o Parbhudayal S/o TirathDass, 185. Anu W/o Satpal, 186. Smt. Kavita W/o Vinod Kumar S/o KrishanDutt, 187. Manjeet Singh S/o Ranvinder Kumar S/o Rajbir Singh, 188. Smt. Santosh W/o Sat Narayan S/o Tek Ram, 189. Santosh W/o Ajeet S/o Vijay Singh, 190. Raj Rani W/o Kashimra S/o Baldeva, 191. Rajbala W/o Om Parkash S/o Lal Chand, 192. Ajay S/o Devender S/o Ramkala, 193. Sunder S/o kalu Ram S/o Bhagwana, 194. Nijmudin S/o Mahabir S/o Maman, 195. Yasin S/o Mahabir S/o Maman, 196. Firoj Khan S/o Mahabir S/o Maman, 197. Anita D/o Dharmender Singh S/o Bhim Singh, 198. Smt. Ompati W/o Lakhi Ram S/o Surajmal, 199. Kanta Devi W/o Rohtash S/o Ratan Singh, 200. Santosh Devi widow of Pyare Lal S/o DurgaParsad, 201. Reena D/o PyareLal S/o DurgaParsad, 202. Neeraj S/o Pyare Lal S/o DurgaParsad, 203. Dheeraj S/o PyareLal S/o DurgaParsad, 204. Smt. Bala W/o Pale Ram S/o Natha Singh, 205. Yashoda W/o Sonu S/o OmParkash, 206. Smt. Maya W/o Mahavir S/o Maman Singh, 207. Smt. Bimla W/o Sardar Singh S/o Karan Singh, 208. Sumitra W/o Mukesh S/o Rampat, 209. Smt. Kela Devi W/o Ramehar S/o Puran, 210. Krishna S/o Lalit S/o Madanlal, 211. Dipika W/o Anil Kumar S/o Fateh Singh, 212. Saudagar S/o Dharambir S/o Chhotu Ram, 213. Smt. Lakshmi Devi W/o Tirkha Ram S/o BihariLal, 214. Smt. Sumitra W/o Ramphal, 215. Smt. Chand Kumari W/o Khattar S/o Resham, 216. Parkash S/o Ram Niwas S/o Kudan, 217. Smt. Rajbala W/o Karambir S/o Ramdhan, 218. Smt. Kiran Devi W/o Pawan Kumar S/o Kaluram, 219. Smt. Guddi Devi W/o Balwan Singh S/o Umed Singh, 220. Santosh W/o Deepak S/o Balram,

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 27-08-2026 at 19:00 a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district notice&district-Sonipat

Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division) Ganaur
Dated, this day of 22-07-2026

शब्द पहेली - 6296



बाएँ से दाएँ
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

ऊपर से नीचे
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

बैंगलोर

शब्द पहेली- 6295 का हल

सूडोकु नवताल - 6306

★★★½☆ मध्यम



MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6305 का हल

8	6	4	2	7	9	5	3	1
7	3	9	1	8	5	2	6	4
1	5	2	4	3	6	7	9	8
4	1	3	8	6	7	9	5	2
5	8	6	9	2	4	3	1	7
2	9	7	5	1	3	8	4	6
9	4	8	7	5	1	6	2	3
3	7	5	6	4	2	1	8	9
6	2	1	3	9	8	4	7	5

साइबर ठग करोड़ों रुपये कर चुके हैं ट्रांसफर
23 एटीएम, 13 पासबुक और नौ चेकबुक बरामद

नौकरी का झांसा देकर खुलवाते थे खाते, लखनऊ से तीन लोग पकड़े

लखनऊ। साइबर ठगी के लिए बैंक खातों की व्यवस्था करने वाले गिरोह का राजफाश करते हुए गुरुवार को हजरतगंज पुलिस ने तीन ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपित नौकरी दिलाने का झांसा देकर लोगों के नाम पर बैंक खाते खुलवाते थे। इसके बाद खाते, एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक और मोबाइल नंबर का पूरा नियंत्रण अपने कब्जे में लेकर साइबर ठगों को उपलब्ध कराते थे। इन्हीं खातों में साइबर ठगी की रकम मंगाकर तत्काल निकाल ली जाती थी। पुलिस ने आरोपितों के खातों में मौजूद पांच लाख रुपये फ्रीज कराने के साथ 23 एटीएम कार्ड, 13 पासबुक, नौ चेकबुक और पांच मोबाइल फोन बरामद किए हैं। सहायक पुलिस आयुक्त(एसीपी) हजरतगंज रजनीश वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में बदायूं निवासी वरुण कांत शर्मा, फर्रुखाबाद निवासी प्रेम कुमार उर्फ विमल और एक महिला शामिल हैं। पुलिस अब गिरोह के दो अन्य फरार सदस्यों अमित और दिनेश सिंह की तलाश कर रही है।

जांच में बड़ा खुलासा

- आरोपितों से 23 एटीएम कार्ड, 13 पासबुक, नौ चेकबुक और पांच फोन बरामद किए हैं
- गिरोह से जुड़े खातों में मौजूद पांच लाख रुपये फ्रीज करा दिए गए हैं। पुलिस फरार आरोपितों की तलाश के साथ यह भी जांच कर रही है
- गिरोह ठगी के लिए म्यूल खाते तैयार करने का काम करता था, इन्हीं से ठगी की रकम इधर-उधर कर बचने की कोशिश की जाती है, गिरोह करोड़ो खातों में मंगाकर कमीशन ले चुका है

बेरोजगारों पर रहती थी नजर

पुलिस की जांच में सामने आया कि गिरोह गांव और कस्बों के बेरोजगार युवाओं को नौकरी का लालच देता था। नके नाम पर विभिन्न बैंकों में खाते खुलवाकर एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक, इंटरनेट बैंकिंग की जानकारी, सिम कार्ड और अन्य बैंकिंग दस्तावेज कब्जे में ले लेता था। पूछताछ में प्रेम कुमार ने बताया कि खातों की पूरी जानकारी टेलीग्राम के जरिए विदेशी साइबर ठगों, विशेषकर चीनी नेटवर्क से जुड़े लोगों तक पहुंचाई जाती थी। साइबर ठगी की रकम खातों में आते ही उसे एटीएम या चेक से निकाल लिया जाता था। गिरोह के सदस्यों को कमीशन मिलता था। वरुण कांत शर्मा और महिला आरोपित ने बताया कि उन्हें नौकरी दिलाने के नाम पर काम में लगाया गया था। उन्हें हर महीने 40 से 45 हजार रुपये दिए जाते थे।

हैदराबाद से लंदन जा रही ब्रिटिश एयरवेज की उड़ान में 3 पायलटों की बिगड़ी तबीयत

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

हैदराबाद से लंदन जा रही ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट (बीए276) में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यात्रा के दौरान विमान उड़ा रहे तीनों पायलट अचानक बीमार पड़ गए। आशंका जताई जा रही है कि वे फूड पॉइजनिंग (खाद्य विषाक्तता) का शिकार हुए हैं। इस घटना के बाद ब्रिटिश एयरवेज ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं। जब विमान 30 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ रहा था, तब एक पायलट की सेहत इतनी बिगड़ गई कि उसे तुरंत ऑक्सीजन सपोर्ट देना पड़ा। इसके बावजूद, बाकी दो पायलटों ने तबीयत खराब होने और लक्षणों के उभरने के बाद भी हिम्मत नहीं हारी और सूझबूझ का परिचय देते हुए उड़ान को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाकर लैंड कराया।

एक को हवा में देनी पड़ी ऑक्सीजन, सुरक्षित कराई लैंडिंग

होटल के नाश्ते से फूड पॉइजनिंग की आशंका

▶▶ ब्रिटिश एयरवेज ने जांच के दिए आदेश

प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, उड़ान भरने से पहले तीनों पायलटों ने हैदराबाद के एक प्रतिष्ठित होटल में नाश्ता किया था और एक बाहरी वेंडर द्वारा सप्लाई किया बोतलबंद पानी पिया था। अनुमान है कि इसी दौरान उन्हें संक्रमण हुआ। घटना के बाद तीनों पायलटों ने एयर सेफ्टी रिपोर्ट दर्ज कराई है और उनकी बीमारी की सही वजह जानने के लिए उनके सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। मामले पर अपना पक्ष रखते हुए ब्रिटिश एयरवेज के प्रवक्ता ने कहा कि क्रू मेंबर्स की सेहत और यात्रियों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। सफर के दौरान किसी भी मोड़ पर यात्रियों की सुरक्षा से समझौता नहीं हुआ। एयरलाइन अब हैदराबाद के उस होटल की व्यवस्थाओं और भोजन की गुणवत्ता की गहन समीक्षा कर रही है जहां क्रू ठहरा हुआ था।

खबर संक्षेप

उभरते क्रिकेटर को हनीट्रैप में फंसाया

मुंबई। महाराष्ट्र के उभरते हुए क्रिकेटर साइबर अपराधियों के हनीट्रैप जाल का शिकार हो गए हैं।



बीसीसीआई की एक राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए यह खिलाड़ी बेंगलूरू गए हुए थे। 5 सितारा होटल में ठहरने के दौरान एक महिला ने उन्हें वॉट्सएप वीडियो कॉल पर लिया और आपत्तिजनक हालत में उनका वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।

आवारा कुत्ते मुद्दे पर दिल्ली हाईकोर्ट सख्त

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) से कहा कि वे सार्वजनिक स्थानों से आवारा कुत्तों को हटाने के संबंध में उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का पालन करने के लिए उठाए गए कदमों पर एक विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करें। न्यायमूर्ति दिनेश मेहता और न्यायमूर्ति रजनीश कुमार गुप्ता की पीठ ने यह आदेश उच्चतम न्यायालय के 19 मई के निर्देशों के बाद उच्च न्यायालय द्वारा शुरू किए गए स्वतः संज्ञान मामले में दिया।

पवन खेड़ा असम पुलिस के सामने पेश हुए

गुवाहाटी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा बृहस्पतिवार को असम पुलिस की अपराध शाखा के सामने पेश हुए। यह मामला मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी की ओर से दर्ज कराया गया था। खेड़ा ने प्रेसवार्ता में आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री शर्मा की पत्नी के पास कई पासपोर्ट और देश के बाहर संपत्ति है। इसके बाद खेड़ा के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था।

सिक्किम सुरंग हादसा 25 शव बरामद किए

गंगटोक/सिलीगुड़ी। सिक्किम के नामची जिले में हुए सुरंग हादसे में मारे गए 25 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। हालांकि, अभी तक सिर्फ 11 मृतकों की पहचान हुई है, बाकी की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। रेस्क्यू टीमों ने सुरंग में हुए हादसे के बाद फंसे बाकी मजदूरों को ढूंढने के लिए लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया। यह सुरंग निर्माणाधीन तीस्ता स्टेज-6 हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट का हिस्सा है। अत्यंत प्रतिकूल और खतरनाक परिस्थितियों के बावजूद सुरंग के अंदर सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

मानसून सत्र के चौथे दिन भी नहीं थमा सदन में गतिरोध

नीट प्रश्नपत्र लीक केस में विपक्ष धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर अड़ा

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष से प्रश्नकाल चलने देने की अपील

लोकसभा दो बार और राज्यसभा तीन बार स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर पुलिस की कार्रवाई और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण बृहस्पतिवार को भी संसद के दोनों सदनों में गतिरोध कायम रहा और लोकसभा जहां दो बार के वहीं राज्यसभा तीन बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। सरकार ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में चर्चा के लिए पूर्व शर्त लगाकर इससे भाग रहा है। उसने कहा कि सरकार तत्काल चर्चा के लिए तैयार है और विपक्ष को बिना देरी के चर्चा शुरू करनी चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि विपक्ष से हाथ जोड़कर अनुरोध है कि वह चर्चा में भाग ले। लोकसभा की बैठक शुरू होते ही विपक्षी सदस्य नीट प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर सोमवार को राजधानी में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस की कार्रवाई सहित विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उनसे प्रश्नकाल चलने देने की अपील करते हुए आश्वासन दिया कि प्रश्नकाल समाप्त होने के बाद वह सदस्यों को उनकी बात रखने का अवसर देंगे। लेकिन सदन में हंगामा जारी रहा।



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू की अपील

विपक्ष से हाथ जोड़कर अनुरोध चर्चा में भाग लें

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि विपक्ष से हाथ जोड़कर अनुरोध है कि चर्चा में भाग लें। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सदस्य नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में चर्चा से पहले शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की अपनी मांग पर अड़े हैं। आज सदन की बैठक शुरू होते ही विपक्षी सदस्य नीट प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर सोमवार को राजधानी में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस की कार्रवाई सहित विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उनसे प्रश्नकाल चलने देने की अपील करते हुए आश्वासन दिया कि प्रश्नकाल समाप्त होने के बाद वह सदस्यों को उनकी बात रखने का अवसर देंगे। सदन में हंगामा थमते न देख बिरला ने कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे बोले

मोदी का बयान उकसाने वाला

राज्यसभा में बृहस्पतिवार को नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रश्नपत्र लीक मामले में प्रधानमंत्री मोदी के दिए गए बयान को "उकसाने वाला" करार दिया और कहा कि जब तक शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा नहीं हो जाता, विपक्ष संसद में इस विषय पर चर्चा में भाग नहीं लेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर आज दिये गये बयान में कहा कि देश के युवाओं का कल्याण और हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा उनके भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रश्नपत्र लीक के मामलों में शामिल लोगों को जल्द से जल्द कठोर दंड देने के लिए सरकार ने त्वरित अदालतें स्थापित करने का फैसला किया है।

शाह ने लोकसभा अध्यक्ष बिरला से मुलाकात की

नई दिल्ली (भाषा)। नीट प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर संसद में गतिरोध के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित होने के बाद शाह ने बिरला से मुलाकात की। इससे पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव समेत विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं ने लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की थी। तृणमूल कांग्रेस नेता सौगत रॉय, महुआ मोइत्रा आदि भी इस बैठक में उपस्थित थे। बिरला ने आज प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी नेताओं से कहा था कि वह नीट प्रश्नपत्र लीक के मुद्दे पर चर्चा की तारीख और अवधि तय करने के लिए उनसे मिलें।

लोस में सरकार का जवाबः पेट्रोल में 20 फीसदी से अधिक एथेनॉल मिश्रण पर फिलहाल फैसला नहीं

केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण को फिलहाल 20% (ई20) से आगे बढ़ाने का कोई निर्णय नहीं लिया गया है। लोकसभा में पेट्रोलियम राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने बताया कि भविष्य में ऐसा कोई भी फैसला व्यापक वैज्ञानिक अध्ययन और ऑटोमोबाइल निर्माताओं से सलाह के बाद ही होगा। सरकार के अनुसार, देश में 5 करोड़ से अधिक वाहन ई20 ईंधन पर चल रहे हैं। वाहन निर्माताओं के सर्विस रिकॉर्ड्स में एथेनॉल की वजह से इंजन खराबी या घिसाव का कोई प्रमाण नहीं मिला है।

नीट प्रश्नपत्र लीकः देश भर में प्रदर्शन हो रहे

उद्धव-राज छात्रों के समर्थन में मुंबई में मोर्चा निकालेंगे

भाषा ▶▶ मुम्बई

शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि वे प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की कथित ज्यादतियों और नीट प्रश्नपत्र लीक को लेकर छात्रों एवं उनके अभिभावकों की 'गहरी चिंता' को व्यक्त करने के लिए 26 जुलाई को मुंबई में मोर्चा निकालेंगे।

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) प्रश्नपत्र लीक को लेकर देश भर में प्रदर्शन हो रहे हैं। उद्धव ने संवाददता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार निष्ठुर हो गई है लेकिन छात्र अब किसी से डरने वाले नहीं हैं।

> सरकार निष्ठुर हो गई है, छात्र अब किसी से भी डरने वाले नहीं

उन्होंने कहा कि क्या प्रधानमंत्री उन पुलिसकर्मियों की जिम्मेदारी लेंगे जिन्होंने छात्रों से मारपीट की और महिला प्रदर्शनकारियों के कपड़े फाड़े? लोग वर्षों से दबे अपने आक्रोश को जाहिर करना चाहते हैं और हम उन्हें उसके लिए एक मंच उपलब्ध करा रहे हैं।'

ईपीएफओ अधिकारी को घुस लेते सीबीआई ने दबोचा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के एक प्रवर्तन अधिकारी को 2.5 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अधिकारी की पहचान शुभम त्यागी, प्रवर्तन अधिकारी, ईपीएफओ जिला कार्यालय, पटियाला (पंजाब) के रूप में हुई है। इसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि ईपीएफ सलाहकार (कंसल्टेंट) के मुवक्किल के खिलाफ कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध उपबंध अधिनियम, 1952 की धारा 7ए के तहत जांच चल रही थी। जांच के दौरान शिकायतकर्ता ने सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करा दिए थे। आरोपी ने शिकायतकर्ता को फोन कर 21 जुलाई को चंडीगढ़ स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में बुलाया। यहां हुई मुलाकात के दौरान उसने जांच को कम से कम आकलन और न्यूनतम जुर्माने के साथ बंद कराने के एवज में 4 लाख की रिश्वत की मांग की। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने 22 जुलाई को जाल बिछाया। कार्रवाई के दौरान आरोपी अधिकारी को शिकायतकर्ता से 2.5 लाख रुपये की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद शुभम त्यागी को गुरुवार को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

▶▶ आरोपी ने शिकायतकर्ता को फोन कर चंडीगढ़ स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में बुलाया था

चित्रकूट के जंगल में नीट की छात्रा से तीन ने किया गैंगरेप

एजेंसी ▶▶ चित्रकूट

उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में देवांगना घाटी में घूमने आई नीट की 20 वर्षीय छात्रा के साथ तीन युवकों ने गैंगरेप किया। दरिंदों ने खुद को वनकर्मी बताकर पहले छात्रा के 17 साल के बॉयफ्रेंड को बेल्ट से पीटा और उसे बंधक बना लिया।

इसके बाद वे छात्रा को झाड़ियों में घसीट ले गए और गैंगरेप को अंजाम दिया। वारदात के 24 घंटे बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। मध्य प्रदेश के सतना की रहने वाली यह छात्रा राजस्थान के कोटा में रहकर नीट की तैयारी करती है। बुधवार दोपहर वह चित्रकूट के रहने वाले अपने बॉयफ्रेंड (जो 12वीं का छात्र है) के साथ देवांगना घाटी में घूमने गए थे। दोनों पहाड़ी पर बैठे थे, तभी बाइक सवार तीन लड़के वहां आ धमकाने लगे और अपने को वन विभाग का कर्मचारी बताते हुए उन्हें ब्लैकमेल करने लगे।

पैसे नहीं देने पर किया रेप

जब दोनों ने पैसे देने से मना कर दिया तो आरोपियों ने उनसे मारपीट करना शुरू कर दिया। छात्रा के साथ बैड टच करने लगे। नाबालिग लड़के को हाथ बांधकर एक आरोपी लड़के के पास बैठा रहा। दो लड़की को झाड़ियों के अंदर ले जाकर उसके साथ बारी-बारी से दोनों लड़कों ने गैंगरेप किया। बॉयफ्रेंड ने पुलिस को बताया कि विरोध करने पर और आरोपियों पीड़ित युवती की पिटाई की. पीड़ित लड़का जब आरोपियों के चुंगल से छूटा तो उसने 112 पर पुलिस को फोन कर सूचना दी।

दिल्ली में स्कूटर की बैटरी फटने से तीन भाई घायल

नई दिल्ली (भाषा)। दिल्ली के अशोक विहार इलाके में बृहस्पतिवार सुबह एक झुग्गी के अंदर चार्ज हो रही इलेक्ट्रिक स्कूटर की बैटरी में कथित तौर पर विस्फोट होने से तीन भाई झुलस गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना सुबह करीब सात बजे उत्तर पश्चिम दिल्ली के एसएस नगर इलाके में हुई। अधिकारियों ने बताया कि जब बैटरी में विस्फोट हुआ और इस कारण आग लगी, उस वक्त 45-वर्षीय विजय झुग्गी में सो रहा था। घटना के समय परिवार के बाकी सदस्य झुग्गी के बाहर थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग बुझाने और बचाव की कोशिशों के दौरान विजय और उनके भाई अजय (35) एवं बिरजू (23) झुलस गए। पीड़ितों को पहले दीपचंद बंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें लोक नायक अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि उनका इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर है। हालांकि, विजय और बिरजू ज़्यादा बुरी तरह झुलस गए हैं।

- यह घटना सुबह करीब सात बजे हुई, दो की हालत गंभीर

तृणमूल सांसद को अंतरिम राहत नहीं

अभिषेक की याचिका सुनने से हाई कोर्ट ने किया इनकार

कोलकाता। तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी को कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक बार फिर झटका लगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी की याचिका पर सुनवाई नहीं की। उन्हें एक मामले में संरक्षण मिला था। बाद में, डायमंड हार्बर से तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी ने संरक्षण की मांग करते हुए फिर उच्च न्यायालय का रुख किया। हालांकि, इस बार उन्हें संरक्षण नहीं मिला। न्यायमूर्ति सौगता भट्टाचार्य ने आदेश दिया कि अभिषेक बनर्जी पर दर्ज विभिन्न एफआईआर पर फिलहाल कोई संरक्षण नहीं दिया जाएगा।

आठ एफआईआर दर्ज

राज्य भर में विभिन्न स्थानों पर अभिषेक बनर्जी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई हैं। अदालत ने पूछा था कि सांसद के खिलाफ कितनी एफआईआर दर्ज की गई हैं? फिर, गुरुवार को सुनवाई के दौरान, राज्य सरकार ने न्यायाधीश को बताया कि कुल आठ एफआईआर हैं। अभिषेक के वकील कपिल सिबल ने इन मामलों के लिए अलग-अलग सुरक्षा की मांग की।

अंडे फेंके जाने से मुझे संरक्षण चाहिए : मोइत्रा

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने अपने ऊपर कथित तौर पर अंडे फेंके जाने की घटनाओं को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट से सुरक्षा की मांग की है। उनकी याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 29 को तय की है। महुआ की ओर से पेश अधिवक्ता ने अदालत में कहा कि सांसद जहां भी जा रही हैं, वहां उन्हें निशाना बनाकर अंडे फेंके जा रहे हैं। उन्होंने पुलिस को सुरक्षा देने और ऐसी घटनाओं को रोकने का निर्देश देने की मांग की।

हैदराबाद में ड्राइवर ने एयरपोर्ट जाते समय रास्ता बदला

महिला कर्मी से कंपनी की ऑफिशियल कैब में रेप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में 37 साल की महिला के साथ रेप का मामला सामने आया है। आरोप के मुताबिक ड्यूटी पर जा रही प्राइवेट एयरलाइन की महिला केबिन क्रू मेंबर के साथ उसकी ऑफिशियल कैब के ड्राइवर ने रास्ते में दुष्कर्म किया। एक अंग्रेजी अखबरा की खबर के मुताबिक, महिला राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट जा रही थी। पुलिस ने 23 साल के आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के तुरंत बाद पीड़िता राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पुलिस आउटपोस्ट पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। महिला के बयान के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं (जैसे दुष्कर्म और हमले की धाराओं) के तहत मामला दर्ज किया और जांच शुरू कर दी।

- पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार किया

इंडिगो ने कहा- हम जांच में सहयोग कर रहे

इंडिगो ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि वो इस मामले से वाकिफ है और समझती है कि वर्तमान में संबंधित कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा इसकी जांच की जा रही है। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, 'हम अधिकारियों का पूरा सहयोग कर रहे हैं और आवश्यकतानुसार उनका समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

आरोपी प्रशांत गिरफ्तार, जेल भेजा

पुलिस की विशेष टीम ने अगले ही दिन, यानी 21 जुलाई को आरोपी को ट्रैक कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले के निवासी एर्रापोगु प्रशांत कुमार के रूप में हुई है।आरोपी ने पूछताछ के दौरान अपना जुर्म कबूल कर लिया है। स्थानीय कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

कैब सर्विस ट्रैवल एजेंसी दे रही थी

जांच में सामने आया है कि संबंधित कैब सर्विस का संचालन स्थानीय ट्रांसपोर्ट एजेंसी कर रही थी। एयरलाइन ने उसे अपने कर्मियों को एयरपोर्ट लाने और ले जाने का कॉन्ट्रैक्ट दिया था।

वैष्णव ने कहा- स्वदेशी एआई के विकास को लगेंगे पंख

सर्वम और भारतजेन जैसे 20 बड़े मॉडलों को दे रहे मदद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 'इंडिया-एआई मिशन' के तहत मदद देने के लिए सरकार ने 20 स्वदेशी एआई मॉडल को चुना है। इनमें 12 बड़े लैंग्वेज मॉडल और 8 छोटे लैंग्वेज मॉडल शामिल हैं। इस मिशन का मकसद युवाओं के लिए नए अवसर और नौकरियां पैदा करना है, एआई से जुड़े खतरों को भी कंट्रोल करना है। सरकार भारतीय स्टार्टअप्स और संस्थानों को मदद कर रही है। सरकार जिन प्रोजेक्ट्स को सपोर्ट कर रही है, वे एआई के अलग-अलग इस्तेमाल से जुड़े हैं। इनमें सर्वम, जी नैनी, भारज जेन और अवचार एआई जैसे नाम शामिल हैं। हेल्थकेयर, स्थानीय भाषा तकनीकों और ऑटोमेटेड के लिए मॉडल्स तैयार किए जा रहे हैं।

इनकी खासियतें

- सर्वम ने हाल में काफी चर्चा बटोरी है। सर्वम की तारीफ पीएम मोदी ने भी की थी।
- जीनैनी भारत के लिए स्पीच-टू-स्पीच (आवाज से आवाज में बात करने वाला) मॉडल तैयार कर रहा है।
- भारत जेनकई भारतीय भाषाओं को समझने वाले फाउंडेशन मॉडल बना रहा है।
- अवतार देश के लिए वीडियो जनरेट करने वाला एआई मॉडल बना रहा है।

सरकार जिनका सहयोग कर रही वे अलग-अलग



सरकार कर रही एआई की मदद

वैष्णव ने बताया कि भारत की एआई रणनीति देश के 300 अरब डॉलर के आईटी सेक्टर पर टिकी है, जिसमें करीब 60 लाख लोग काम करते हैं। इंडिया-एआई मिशन के 7 मुख्य पिलर हैं। जैसे- एआई मॉडल बनाना, ऐप्स तैयार करना, डेटासेट जुटाना, टैलेंट तराशना और सस्ता कंप्यूटर इंफ्रास्ट्रक्चर देना। सरकार ने 15 कंप्यूट सर्विस प्रोवाइडर्स को साथ जोड़ा है। साथ ही 237 प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है।

686 छात्रों को फेलोशिप दी

सरकार के अनुसार उसने देश में एआई से जुड़े टैलेंट को बढ़ावा देने के लिए 178 बड़े कॉलेजों व संस्थानों के 686 छात्रों को फेलोशिप दी है। 'युवा एआई फॉर ऑल' प्रोग्राम के तहत 26 लाख से अधिक लोग ट्रेनिंग पूरी कर चुके हैं। देश में 27 'इंडिया डेटा एंड एआई लैब्स' चालू हुई हैं।

चिंतन

पीएम की फास्ट ट्रैक कोर्ट की घोषणा सकारात्मक पहल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीट पेपर लीक के आरोपियों के खिलाफ त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट्स बनाए जाने और दोषी पाए जाने पर सख्त सजा देने की घोषणा करके संदेश दिया है कि सरकार परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने और छात्रों हितों के प्रति गंभीर है। इसके अलावा केंद्र सरकार ने गतिरोध तोड़ने के लिए प्रदर्शनकारी छात्रों को चार बार वार्ता का न्योता भेजा है। हालांकि प्रदर्शनकारियों की मांग है कि वे केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के कार्यालय या आवास पर वार्ता के लिए नहीं जाएंगे। वे जंतर-मंतर पर ही मंत्री के साथ वार्ता करेंगे। मौके की नजाकत को देखते हुए छात्रों को भी नरम रुख अपनाते हुए वार्ता के प्रस्ताव को स्वीकार कर आगे बढ़ना चाहिए। यदि दोनों पक्ष सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे आएं तो सभी मुद्दों का समाधान निकल सकता है। सामान्य न्यायिक प्रक्रिया में ऐसे मामलों का वर्षों तक लंबित रहना न केवल न्याय में देरी का कारण बनता है, बल्कि अपराधियों के मनोबल को भी बढ़ाता है। यदि विशेष अदालतों के माध्यम से समयबद्ध सुनवाई सुनिश्चित होती है और दोषियों को कठोर दंड मिलता है तो यह भविष्य में ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाने में प्रभावी साबित हो सकता है। साथ ही परीक्षा माफिया और संगठित गिरोहों को स्पष्ट संदेश जाएगा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने की कोई भी कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हालांकि केवल सजा की व्यवस्था ही पर्याप्त नहीं होगी। परीक्षा प्रणाली को तकनीकी रूप से अधिक सुरक्षित बनाना, प्रश्नपत्रों के वितरण की निगरानी मजबूत करना और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करना भी उतना ही आवश्यक है। दूसरी ओर, आंदोलन कर रहे छात्रों की चिंताओं को भी गंभीरता से समझना होगा। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। यदि छात्र अपनी मेहनत और भविष्य को लेकर सड़क पर उतरते हैं तो उनकी बात सुनी जानी चाहिए। सरकार द्वारा कई बार वार्ता का प्रस्ताव दिया जाना सकारात्मक संकेत है। अब छात्रों को भी संवाद का अवसर गंवाना नहीं चाहिए। बातचीत किसी भी विवाद का सबसे प्रभावी और लोकतांत्रिक माध्यम है। यदि वार्ता होती है तो केवल तत्काल मांगों पर ही नहीं, बल्कि भविष्य में परीक्षा सुधारों पर भी ठोस सहमति बन सकती है। इसके साथ ही आंदोलन को उसकी मूल भावना तक सीमित रखना भी आवश्यक है। किसी भी जन आंदोलन में समय के साथ विभिन्न राजनीतिक या अन्य हित समूह सक्रिय होने का प्रयास करते हैं। यदि आंदोलन का उद्देश्य छात्रों के अधिकार और परीक्षा सुधार हैं तो उसे उसी दिशा में केंद्रित रहना चाहिए। हिंसा, टकराव या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसी घटनाएं आंदोलन की नैतिक शक्ति को कमजोर करती हैं और वास्तविक मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। पुलिसकर्मियों पर हमले या कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाली घटनाएं किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन की भावना के अनुरूप नहीं कही जा सकतीं। यदि कहीं ऐसे तत्व सक्रिय हैं जो आंदोलन को भटकाने की कोशिश कर रहे हैं, तो छात्रों को स्वयं उनसे दूरी बनानी चाहिए। वहीं, विपक्ष को भी इस मुद्दे पर केवल राजनीतिक लाभ-हानि के बजाय रचनात्मक सुझाव देने चाहिए। युवाओं का भविष्य किसी भी दलगत राजनीति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। कुल मिलाकर यह समय टकराव का नहीं, बल्कि विश्वास बहाली का है। फास्ट ट्रैक कोर्ट की घोषणा एक सकारात्मक पहल है, लेकिन इसकी सफलता प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी।



मुद्दा
राज कुमार सिन्हा

परीक्षा व्यवस्था और लोकतांत्रिक टकराव

बार-बार परीक्षाओं के निरस्त होने, नियुक्तियों में देरी और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली पर उठते सवालों ने लाखों युवाओं के भविष्य को अनिश्चितता में डाल दिया है। हर रद्द हुई परीक्षा और हर प्रश्नपत्र लीक के पीछे वर्षों की मेहनत, परिवारों का आर्थिक निवेश, मानसिक तनाव और टूटते सपने जुड़े हुए हैं। यही कारण है कि यह आंदोलन केवल परीक्षा सुधार तक सीमित नहीं रहा, बल्कि युवाओं के रोजगार, महंगाई और भविष्य की सुरक्षा जैसे व्यापक प्रश्नों से भी जुड़ गया है। परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर आमरण अनशन कर रहे पर्यावरणविद सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा अस्पताल ले जाने के बाद आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जनसमर्थन मिला।

भारत में शिक्षा और सार्वजनिक भर्ती परीक्षा प्रणाली को लेकर उपजा असंतोष अब एक व्यापक सामाजिक और राजनीतिक आंदोलन का रूप ले चुका है। पिछले लगभग एक महीने से हजारों छात्र-छात्राएं और युवा शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रहे हैं। उनकी प्रमुख मांग है कि शिक्षा व्यवस्था और सार्वजनिक भर्ती एवं प्रतियोगी परीक्षा प्रणाली में गहराते संकट के लिए जवाबदेही तय की जाए तथा परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बहाल की जाए। पिछले एक दशक में देशभर में केंद्रीय और राज्य स्तरीय परीक्षाओं के 90 से अधिक पेपर लीक होने के मामले सामने आए हैं, जिनसे लगभग 7.5 करोड़ अभ्यर्थी प्रभावित हुए हैं। इनमें नीट-यूजी, यूजीसी-नेट, एसएससी तथा विभिन्न राज्यों की पुलिस और शिक्षक भर्ती परीक्षाएं शामिल हैं। भारत की 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग की लगभग 34.5 से 37.1 करोड़ युवा आबादी, जो देश की कुल जनसंख्या का लगभग 27 प्रतिशत है, इस व्यवस्था से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़ी हुई है।

बार-बार परीक्षाओं के निरस्त होने, नियुक्तियों में देरी और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली पर उठते सवालों ने लाखों युवाओं के भविष्य को अनिश्चितता में डाल दिया है। हर रद्द हुई परीक्षा और हर प्रश्नपत्र लीक के पीछे वर्षों की मेहनत, परिवारों का आर्थिक निवेश, मानसिक तनाव और टूटते सपने जुड़े हुए हैं। यही कारण है कि यह आंदोलन केवल परीक्षा सुधार तक सीमित नहीं रहा, बल्कि युवाओं के रोजगार, महंगाई और भविष्य की सुरक्षा जैसे व्यापक प्रश्नों से भी जुड़ गया है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर तीन सप्ताह से आमरण अनशन कर रहे पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा अस्पताल ले जाने के बाद आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जनसमर्थन मिला। इसके बाद छात्रों ने संसद तक मार्च का आह्वान किया। दिल्ली, मुंबई, पटना, बेंगलुरु सहित अनेक शहरों में कैंडल मार्च, धरने और प्रदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं। सिख समाज सहित अनेक सामाजिक संगठनों द्वारा प्रदर्शनकारियों के लिए भोजन की व्यवस्था की जा रही है। बड़ी संख्या में आम नागरिक भी भोजन और अन्य आवश्यक सामग्री भेजकर आंदोलन के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त कर रहे हैं। इस मानवीय सहयोग ने आंदोलन को सामाजिक संवेदना का भी स्वरूप प्रदान किया है। 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान दिल्ली पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव हुआ। पुलिस ने आंसू गैस, लाठीचार्ज तथा अन्य बल प्रयोग के माध्यम अपनाए। अनेक प्रदर्शनकारी और पुलिसकर्मी घायल हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि उनके विरुद्ध अत्यधिक बल प्रयोग किया गया, जबकि पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। आंदोलनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ सादे कपड़ों में मौजूद लोगों ने प्रदर्शनकारियों पर हिंसा की तथा बैरिकेडिंग में करंट और कीलों वाली लाठियों का प्रयोग किया गया। पुलिस पर पैलेट गन के इस्तेमाल के भी आरोप लगाए गए हैं। इन आरोपों की स्वतंत्र जांच की मांग उठ रही है। सरकार ने जंतर-मंतर क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए, कई

मेट्रो स्टेशनों को अस्थायी रूप से बंद किया तथा पूरे इलाके को सुरक्षा घेरे में बदल दिया। केंद्र सरकार ने जंतर-मंतर पर जारी प्रदर्शनों को संभालने के लिए 3000 अतिरिक्त सशस्त्र पुलिसकर्मी भेजे हैं। यह कदम दिल्ली पुलिस के अनुरोध पर उठाया गया है।

राजधानी के संवेदनशील हिस्सों जंतर-मंतर से संसद भवन तक खासतौर से इसके आसपास के इलाकों को पूरी तरह से छावनी में बदल दिया गया है। जमीनी घेराबंदी के अलावा दिल्ली की सुरक्षा को आधुनिक तकनीक से पूरी तरह से लैस किया गया है। इसके बावजूद अगले दिन भी बड़ी संख्या में छात्र आंदोलन स्थल पर पहुंचे और संघर्ष जारी रखने की घोषणा की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित अनेक विपक्षी नेताओं ने प्रदर्शनकारियों के समर्थन में प्रदर्शन किया और गिरफ्तार हुए। उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव, शरद पवार, सुप्रिया सुले, अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह सहित कई नेताओं ने जंतर-मंतर पहुंचकर आंदोलन का समर्थन किया। संसद में भी विपक्ष ने पुलिस कार्रवाई का विरोध करते हुए गृह मंत्री अमित शाह और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई। एमनेस्टी इंटरनेशनल सहित कई मानवाधिकार संगठनों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान बल प्रयोग पर चिंता व्यक्त की और लोकतांत्रिक अधिकारों के सम्मान की आवश्यकता पर बल दिया। भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण और अहिंसक तरीके से अपनी बात रखने तथा धरना-प्रदर्शन करने का अधिकार देता है। आंदोलनकारी छात्रों का कहना है कि उनकी लड़ाई केवल किसी एक परीक्षा या भर्ती प्रक्रिया की नहीं, बल्कि पूरी शिक्षा एवं भर्ती व्यवस्था में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही स्थापित करने की है। उनकी प्रमुख मांगों में परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार, पेपर लीक मामलों में त्वरित एवं कठोर कार्रवाई, भर्ती प्रक्रियाओं की समयबद्धता, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में जवाबदेही तय करना तथा शिक्षा व्यवस्था में जनता का विश्वास बहाल करना शामिल है। यह आंदोलन अब केवल परीक्षा सुधार का प्रश्न नहीं रह गया है, बल्कि युवाओं के भविष्य, रोजगार और शासन की जवाबदेही से जुड़ा राष्ट्रीय मुद्दा बन चुका है। यदि सरकार आंदोलनकारी छात्रों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी मांगों पर ठोस और समयबद्ध निर्णय लेती है, तो स्थिति शांत हो सकती है और शिक्षा व्यवस्था में सुधार का रास्ता खुल सकता है। इसके विपरीत यदि केवल पुलिस बल और प्रशासनिक नियंत्रण के माध्यम से आंदोलन को दबाने का प्रयास जारी रहता है, तो युवाओं का असंतोष और व्यापक हो सकता है। ऐसी स्थिति में यह आंदोलन देशव्यापी छात्र-युवा अभियान का रूप लेकर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों को भी अपने साथ जोड़ सकता है। इससे संसद, न्यायपालिका और सरकार पर संस्थागत सुधारों का दबाव बढ़ने की संभावना है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी भी संकट का सबसे प्रभावी समाधान संवाद, पारदर्शिता और जवाबदेही है। इसलिए आने वाले समय में सरकार और आंदोलनकारियों के बीच बातचीत, विश्वास बहाली और शिक्षा सुधारों पर ठोस पहल ही यह तय करेगी कि यह संघर्ष टकराव की दिशा में बढ़ता है या फिर भारतीय शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बनता है। उधर, संसद के मॉनसून सत्र का तीसरा दिन भी हंगामे के नाम रहा। पेपर लीक और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर बना राजनीतिक गतिरोध है। सरकार और विपक्ष, दोनों को टकराव छोड़कर संवाद का रास्ता तलाशना होगा।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन

डॉ. मोनिका शर्मा

सांस्कृतिक जुड़ाव को बल दें भाषाएं

कोई भी भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम भर नहीं होती। देश, समाज या किसी समुदाय विशेष की परंपराओं और संस्कृति के अनगिनत रंग सहेजे होती है। भाषाएं समग्र रूप से देश की संस्कृति को अगली पीढ़ियों तक ले जाने का काम करती हैं। यही वजह है कि संस्कृति के इन रंगों को जीवन से जोड़े रखने और विरासत सहेजने के लिए भाषाओं को जीवन का हिस्सा बनाना जरूरी है। असल में भाषायी विविधता सोच और समझ के नए द्वार भी खोलती है। मानवीय भावनाओं को साझेपन का परिवेश बनाती है। यही वजह है कि किसी एक भाषा के विलुप्त होना उसके शब्दों का खत्म होना भर नहीं, बल्कि एक समाज विशेष के सदियों पुराने इतिहास, लोकगीत, उत्सव, रीति-रिवाज, लोक-साहित्य और जीवनयापन से जुड़े व्यावहारिक ज्ञान के खत्म होने जैसा है। विशेषकर मातृभाषा से दूर होना होना तो इंसान की मौलिक अभिव्यक्ति की सहजता और गहराई ही छीन लेता है। हाल ही में कोलकाता में राष्ट्रीय पुस्तकालय परिसर में 'म्यूजियम ऑफ वर्ड' यानि 'शब्द संग्रहालय का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि किसी भी देश की भाषा उसकी विरासत को संभालती है और उसकी संस्कृति को समझने का जरिया बनती है। इसीलिए अपनी मातृभाषा सीखने के साथ-साथ हर विद्यार्थी को कम से कम एक और भारतीय भाषा अवश्य सीखनी चाहिए, ताकि वे देश की सांस्कृतिक विविधता को और बेहतर तरीके से समझ सकें। यह विचार सकारात्मक और सराहनीय तो है ही, सांस्कृतिक विविधता के लिए दुनियाभर में मान पाने वाले हमारे देश की नई पीढ़ी को अपनी विरासत से जोड़ने वाला भी है। ज्ञात हो कि केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय पुस्तकालय द्वारा विकसित 'शब्दलोक' संग्रहालय भी भारत की समृद्ध भाषाई विरासत को ही समर्पित है। संग्रहालय में अत्याधुनिक तकनीक और संवादात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से देश की मौखिक और लिखित भाषाई परंपराओं के विकास की यात्रा को दर्शाया गया है। वस्तुतः, भाषाएं किसी भी देश की विरासत को आगे बढ़ाने सबसे सशक्त माध्यम होती हैं। बावजूद इसके हालिया बरसों में बच्चे न केवल अपनी मातृभाषा से दूर हो रहे हैं बल्कि दूसरी भाषाओं को सीखने में भी कम ही रुचि लेते हैं। आधुनिक जीवनशैली और डिजिटल होती दुनिया में अंग्रेजी के बढ़ते चलन के कारण बच्चे अपनी मातृभाषा और क्षेत्रीय भाषाओं को भूलते जा रहे हैं। हमारी सांस्कृतिक जड़ों को कमजोर करने वाले इस व्यवहार से कई भाषाएं विलुप्त होने के कगार पर हैं। घरों में भी अपनी मातृभाषा बोलने का चलन कम हुआ है। बहुत से युवा रोजगार के अवसरों को देखते हुए दूसरे देशों की भाषा सीख रहे हैं पर अपने ही क्षेत्र की भाषा भूल गए हैं। यह स्थिति न केवल उनकी सांस्कृतिक जड़ों को कमजोर करती है, बल्कि हमारी समृद्ध भाषाई विविधता को भी विलुप्त होने के कगार पर ला रही है। समझना कठिन नहीं कि अपनी भाषाएं न सीखने से मानवीय जीवन से जुड़ी कई अनमोल मौखिक परम्पराएं हमेशा के लिए समाप्त हो रही हैं। चिंतनीय है कि भारत की भाषाई विविधता को संरक्षित करने की बात हो सभ्यतागत पहचान को सुरक्षित रखने की, देश के सभी हिस्सों की भाषाएं ही आपसी जुड़ाव का पुल बनाकर सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का मार्ग दिखाती हैं। इस गठजोड़ को मजबूती देने के लिए परिवार की भूमिका भी अहम है। गृहमंत्री अमित शाह ने भी परिवार की भाषा ही पहली पाठशाला बनने की बात कही है। उन्होंने कहा कि मां की भाषा में ही बच्चे की पढ़ाई हो, विद्यालय और विश्वविद्यालय मौलिक चिंतन का केंद्र बनें, तभी हम सृजन में अपना योगदान दे सकते हैं। यह सचमुच चिंतनीय है कि बड़े शहरों में आकर बसने, दूसरे राज्यों में जाकर रहने या विदेश में जा बसने के कारण बहुत से भारतीय परिवारों का अपनी मूल मातृभाषा से संपर्क टूट जाता है। इसके चलते बच्चे अपनी जड़ों, लोक-संस्कृति, त्योहारों और पारंपरिक मूल्यों से भी दूर हो रहे हैं। इस सभ्यतागत संकट के बावजूद देश में 117 भाषाएं खतरे में हैं। बीते 50 वर्षों में 220 से अधिक भाषाएं अपना अस्तित्व खो चुकी हैं। कई भाषाएं ऐसी हैं जिन्हें बोलने वाले 10 हजार से भी कम लोग बचे हैं। यूनेस्को की ओर से जारी एटलस ऑफ वर्ल्ड लैंग्वेज इन डैंजर की रिपोर्ट के मुताबिक साल 1950 से अब तक पूरी दुनिया में सैकड़ों भाषाएं खत्म हो चुकी हैं। असल में भाषाएं सीखना और उन्हें बोलचाल का हिस्सा बनाना ही संवाद के इस माध्यम को सहेजने का एकमात्र रास्ता है। अपनी मातृभाषा के अलावा एक ओर भाषा सीखने का आह्वान भी इस मोर्चे पर बहुत मायने रखता है। इससे देश की संस्कृति को समझने में भी नई पीढ़ी की रुचि बढ़ेगी।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

भगवान विष्णु रहेंगे चार माह तक योग निद्रा में

संकलित
दर्शन

हिंदू धर्म में देवशयनी एकादशी का विशेष महत्व होता है। हर वर्ष आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी के नाम से जाना है। एकादशी पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विशेष रूप से पूजा होती है। देवशयनी एकादशी पर भगवान विष्णु चार महीनों के लिए योग निद्रा में क्षीर सागर में चले जाते हैं। इन चार महीनों के दौरान भगवान शिव सृष्टि का संचालन करते हैं। इसके अलावा चार महीने यानी चातुर्मास के दौरान कई तरह के कार्य वर्जित होते हैं। वहीं इस दौरान कई तरह के कार्य करना शुभ माना जाता है। आइए जानते हैं क्या करें। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस वर्ष देवशयनी एकादशी 25 जुलाई है और इस दिन के बाद भगवान विष्णु चार महीनों के लिए योग निद्रा में होते हैं, जो कार्तिक माह के देवउठनी एकादशी पर जागते हैं। ऐसे में इस दौरान चार महीनों तक भगवान विष्णु पूजा, जप, तप और दान करते हुए भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। देवशयनी एकादशी भगवान विष्णु की उपासना के लिए अत्यंत शुभ मानी जाती है। इस दिन श्रद्धापूर्वक व्रत रखने और विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा करने से जीवन में सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और धन-धान्य की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस एकादशी का व्रत करने से व्यक्ति के पापों का क्षय होता है और उसे मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।

देह दानी राजा शिवि महाराज

संकलित
प्रेरणा

एक दिन राजा अपने दरबार में बैठे थे तभी एक कबूतर उड़ता हुआ उनकी गोद में आ गिरा और अपनी रक्षा के लिए प्रार्थना करने लगा कबूतर ने कहा - महाराज आपकी उदारता और शरणागत पर दया की चर्चा पशु-पक्षियों तक में होती है मैं भी आपके राज्य में निवास करने के कारण आपकी प्रजा और अभी आपका शरणागत हूं। मेरी रक्षा करें। शिवि ने कबूतर को निश्चिंत रहने का वचन दिया और कहा कि वह उसकी रक्षा हर हाल में करेंगे। राजा ने जैसे ही वचन दिया तभी वहां एक बाज आ पहुंचा और शिवि से कबूतर को वापस करने की मांग करने लगा। बाज ने कहा - महाराज यह कबूतर मेरा आहार है मैं अपने आहार का पीछा कर रहा था मैंने इस पर प्रहार भी किए है, आप मुझे मेरा आहार वापस करें। आपकी बड़ी कृपा होगी। राजा शिवि ने कहा - बाज यह तुम्हारा आहार रहा होगा किंतु अभी यह मेरा शरणागत है और मैंने इसको प्राण रक्षा का वचन दिया है। इसलिए मैं अपना वचन भंग नही कर सकता। बाज ने कहा - महाराज मैं भी आपके राज्य का रहने वाला पक्षी हूं। विधाता ने मुझे शिकार करके अपना पेट भरने की व्यवस्था दी है अगर आप कबूतर वापस नहीं करेंगे तो आपको मुझे भूखा रखने का पाप लगेगा। जो राजा अपनी प्रजा को किसी कारण कष्ट देता है या उसके आहार का हरण करता है उस राजा पर से देवों की कृपा समाप्त हो जाती है उसकी प्रजा को इसका दंड भोगना पड़ता है आप यह पाप न करें। शिवि ने कहा - तुम्हारी बातें सत्य है किंतु मैं वचनबद्ध हूं। शरणागत का अतीत मुझे ज्ञात नहीं था इसलिए मैंने इसकी रक्षा का भार लिया है।

अंतर्मन

आज की पाती

यातायात नियमों का पालन नहीं करने से बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं

देश में हररोज सैकड़ों सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। इन दुर्घटनाओं में अक्सर चालक की मौत हो जाती है। तेज गति से वाहन चलाने से अनियंत्रित होकर गाड़िया डिवाइडर या सामने वाली गाड़ियों से भिड़ जाती है। जिसमें चालक सहित गाड़ी में बैठने वालो की मौत हो जाती है। यातायात नियमों का पालन नही किया जा रहा है। नशे में वाहन चलाने वालों की संख्या में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह चोंकाने वाली बात है कि पढ़ा लिखा शिक्षित वर्ग भी इससे अछूता नही है। नेशनल हाइवे पर तेज गति वाहन चालक अनियंत्रित होकर गाड़िया सड़क के बाहर निकल जाती है या सामने वाले से भिड़ जाती है। उससे घटना स्थल पर मौत हो जाती है। यह दृश्य रोज देखने मिलता है। *- गीतांजलि, रेवाड़ी*

करंट अफेयर

ईरान बातचीत के लिए सीरियस नहीं, रूबियो ने कही बड़ी बात

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ईरान पर आरोप लगाया है कि उसने अमेरिका के साथ पिछले महीने हुई बातचीत में किए गए वादों को पूरा नहीं किया। मार्को रूबियो ने कहा कि ईरान बातचीत को लेकर सीरियस नहीं है और साथ ही वॉर्निंग दी कि अगर ईरान को मार्को रूबियो ने आगे कहा कि ईरान ने बातचीत के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष दोनों तरह के माध्यमों से अमेरिका से संपर्क किया था, लेकिन ईरान अपने वादों को पूरा करने में नाकाम रहा है। दूसरी तरफ, ईरान के युद्ध होर्मुज से निकलकर मेनडेब स्ट्रेट तक पहुंचता नजर आ रहा है। हूती विद्रोहियों ने इसके जरिए होने वाले सऊदी अरब के व्यापार को रोकने का ऐलान किया है। अभी समस्या यह है कि ईरान बातचीत के लिए सीरियस नहीं हैं। अगर वे सीरियस हैं, तो हम भी सीरियस हैं। अगर वे गंभीर नहीं हैं, तो हम खुद की और अपने सहयोगियों के हितों की सुरक्षा के लिए जो भी जरूरी होगा, वह करेंगे। मार्को रूबियो ने होर्मुज से गुजरने वाले ट्रैफिक पर कंट्रोल करने की ईरान की डिमांड की भी आलोचना की और कहा कि यह जलमार्ग एक इंटरनेशनल समुद्री रास्ता है जिसको खुला रहना चाहिए। रूबियो ने कहा, असल बात बहुत सीधी है।

ऑफ बीट

दिल के मरीजों के लिए संगीत है अच्छी दवा

भारत में 20 करोड़ लोग मानसिक रोग से ग्रस्त हैं, 5 करोड़ डिप्रेशन और इतने ही स्ट्रेस से परेशान हैं। ये तनाव दिल की बीमारी का बड़ा कारण है। द लांसेट की रिपोर्ट के मुताबिक लंबे समय तक और लगातार तनाव के बने रहने से ब्लड कोलेस्ट्रोल, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर बढ़ता है। इससे हार्ट की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। हार्ट की मसल्स में ऑक्सीजन की आपूर्ति भी प्रभावित होती है। हार्ट की कार्यक्षमता प्रभावित होती है। जब भी आप तनाव में हों, मनपसंद संगीत सुनिए। संगीत मस्तिष्क में रासायनिक संतुलन को बदलता है। धमनियों को आराम देकर ब्लड वेसल्स की काम करने की क्षमता सुधारता है। परिश्रम के बाद हार्ट रेट और ब्लड प्रेशर को तेजी से बेस लाइन पर लौटाता है। चिंता को कम करता है। काम के दौरान लें छोटे ब्रेक- काम के दौरान स्ट्रेस होना बहुत आम है। विचारों को संतुलित करने, फोकस लाने के लिए काम के बीच हर एक घंटे में पांच मिनट का ब्रेक लें इससे तनाव कम होगा, प्रोडक्टिविटी बढ़ेगी हार्ट की कार्यक्षमता भी सुधरेगी। द अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रीशन के अनुसार, प्रोसेस्ड और अल्ट्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में फैट नमक और चीनी ज्यादा होती है। इसे अधिक खाने की इच्छा भी होती है।

ट्रेंड

फास्ट ट्रैक कोर्ट

देश के युवाओं का हित हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पेपर लीक के सभी मामलों में दोषियों को जल्द से जल्द कठोर दंड देने के लिए, केस के त्वरित निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट्स का गठन किया जाएगा।
- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

चर्चा से भाग रहा विपक्ष

एनडीए सरकार युवाओं के भविष्य के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और चर्चा के लिए तैयार है लेकिन कांग्रेस, राहुल गांधी समेत पूरा विपक्ष चर्चा से भाग रहा है, क्योंकि वे जानते हैं कि जब वे बहस के लिए सदन में आएंगे, तो उनकी दोहरी नीति दुनिया के सामने उजागर हो जाएगी।
-**गजेंद्र सिंह शेखावत,** केंद्रीय संस्कृति मंत्री

जौहर विश्वविद्यालय

दिल्ली में परीक्षा को लेकर आंदोलन चल रहा है और रामपुर में शिक्षा को लेकर। जौहर विश्वविद्यालय को बचाकर ही यहां के छात्रों का भविष्य सुरक्षित हो सकता है; इसी सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण के साथ हमारा प्रतिनिधिमंडल आज वहां पहुंचा है।
- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

बेहतर शिक्षा व्यवस्था

यह आंदोलन बहुत शांतिपूर्ण था; बहुत दुख की बात है कि इसने हिंसक रूप ले लिया। जो छात्र और उनके परिवार घायल हुए, उनके प्रति मेरी पूरी संवेदना है। मुझे यह देखकर खुशी है कि हमारे देश के बच्चे बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए एकजुट हुए हैं।
- **सलमान खान,** फिल्म अभिनेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

मां के खेलने के तीन दशक बाद नीदरलैंड में भारत के लिए विश्व कप खेलेगा बेटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रीतम रानी सिवाच ने नीदरलैंड में 1998 में विश्व कप खेला था तब यशदीप सिवाच का जन्म भी नहीं हुआ था। विधि का विधान है कि करीब तीन दशक बाद वह उसी देश में, उसी टूर्नामेंट में भारत के लिये पदार्पण करने जा रहे हैं। भारतीय हॉकी में यह श्रेय हासिल करने वाली मां-बेटे की यह पहली जोड़ी है।

नीदरलैंड और बेल्जियम में 15 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप में यशदीप भारतीय टीम का हिस्सा हैं और उनके इस टूर्नामेंट से काफी जज्बात जुड़े हैं। मैनचेस्टर राष्ट्रमंडल खेल 2002 की स्वर्ण पदक विजेता टीम की सदस्य रही है।

टीम में चयन पर सबसे पहले मां को बताया

भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान प्रीतम रानी सिवाच के बेटे ने भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा ,''जब मुझे विश्व कप टीम में चयन का पता चला तो सबसे पहले मैने अपनी मां को बताया। वह काफी भावुक थी क्योंकि उन्होंने भी 1998 में नीदरलैंड के यूट्रेक्ट में विश्व कप खेला था।''

विश्वकप में मां ने कोरिया के खिलाफ दो गोल दागे थे

26 वर्ष के इस डिफेंडर ने कहा , '' मेरे लिये विश्व कप में उसी देश में भारत के लिये खेलना जहां मेरी मां भी खेल चुकी है, बहुत खास है।'' भारतीय महिला हॉकी टीम यूट्रेक्ट विश्व कप में बारहवें और आखिरी स्थान पर रही थी लेकिन प्रीतम ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैच में दो गोल दागे थे।

कभी तैराकी के शौकीन रहे यशदीप

कभी तैराकी के शौकीन रहे यशदीप बचपन से अपनी मां का वह एलबम देखते आये हैं जिसमें उनकी एक्शन पिक्चर, टूर्नामेंट के फोटो और टीम फोटो हैं और शायद वहीं से उनके भीतर भी हॉकी स्टिक थामने का शौक पैदा हुआ। माता पिता के साथ राष्ट्रीय चैम्पियनशिप और दिल्ली में 2010 विश्व कप उन्होंने देखा था।

मम्मी ने मुझसे काफी अनुभव साझा किए

यशदीप ने कहा ,'' मम्मी ने मुझसे काफी अनुभव साझा किये हैं। उनके पास पूरी एलबम है जिसमें एक्शन पिक्चर, टूर्नामेंटों के फोटो , साथी खिलाड़ियों के फोटो हैं। मैं बचपन से देखता आ रहा हूं। उनकी टीम से बात होती रहती है और मुझे सबसे मार्गदर्शन मिलता है।'' बचपन में मां को अक्सर राष्ट्रीय शिविरों और टूर्नामेंटों में देखने वाले यशदीप को उनकी कड़ी मेहनत और बलिदानों का महत्व राष्ट्रीय शिविर में आने के बाद अधिक समझ आने लगा।

रिटायर होने के बाद भी कोचिंग से जुड़ी

इतने साल लगातार खेलने के लिये अपनी फिटनेस (मानसिक और शारीरिक) और खेल का ध्यान रखना पड़ता है।' उन्होंने कहा ,''रिटायर होने के बाद भी वह कोचिंग के जरिये हॉकी से जुड़ी हैं और अभी भी नीदरलैंड में मास्टर्स विश्व कप खेल रही हैं। मैने बचपन से देखा है कि कैसे मेरी बहन के पैदा होने के बाद भी वजन कम करके वापसी की थी।'

हॉकी यशदीप के खून में है

हॉकी यशदीप के खून में हैं चूंकि उनके पिता कुलदीप भी हॉकी खिलाड़ी रह चुके हैं और अब मशहूर कोच हैं जो हरियाणा में अपनी पत्नी के साथ प्रीतम सिवाच अकादमी चलाते हैं। चोट के कारण उनका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का सपना हालांकि अधूरा रह गया। जूनियर राष्ट्रीय टीम में खेल चुकी बहन कनिका सीनियर टीम में पदार्पण की दहलीज पर है।

पोडियम पर मां-पिता का सपना पूरा करना चाहते हैं

सिवाच परिवार के लिये यह विश्व कप काफी मायने रखता है और पोडियम पर रहकर अपनी मां और पिता का अधूरा सपना यशदीप पूरा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा ,'' सिवाच परिवार के लिये यह विश्व कप बहुत खास है। मैं अपने माता पिता का सपना पूरा करना चाहता हूं और अपनी बहन के लिये प्रेरणा बनना चाहता हूं।''

मेरी ट्रेनिंग पापा ने कराई

प्रीतम दिग्गज मिडफील्डर रही हैं और कनिका फॉरवर्ड खेलती हैं लेकिन यशदीप को गोल करने से ज्यादा बचाने में मजा आता है। उन्होंने कहा ,'' मेरी मां और बहन के नाम ज्यादा गोल होंगे लेकिन मुझे फुटबॉल फैन होने के कारण गोल बचाने और गोल में सहायता करने में ज्यादा मजा आता है। इसके अलावा मेरी ट्रेनिंग बचपन में पापा ने कराई जो डिफेंडर थे।''

खबर संक्षेप

जिदान अगले हफ्ते फ्रांस के नए कोच घोषित हो सकते हैं

पेरिस। फ्रांस के नए फुटबॉल कोच की घोषणा मंगलवार को होगी और उम्मीद है कि डिडिएर डेसचैम्प्स की जगह जिनेदिन जिदान लेंगे। फ्रांस फुटबॉल महासंघ ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि उसके अध्यक्ष फिलिप डियालो पेरिस में मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कोच के नाम का ऐलान करेंगे। जिदान (54 साल) ने 2021 में रियाल मैड्रिड छोड़ने के बाद से किसी टीम को कोचिंग नहीं दी है। मिडफील्ड के इस दिग्गज ने 2016-18 के दौरान मैड्रिड को लगातार तीन चैम्पियंस लीग खिताब दिलाए थे। डेसचैम्प्स 14 साल तक फ्रांस के कोच रहे और विश्व कप के बाद पद छोड़ दिया जिसमें फ्रांस को सेमीफसइनल में स्पेन से हार का सामना करना पड़ा था। डेसचैम्प्स की कोचिंग में फ्रांस ने 2018 में विश्व कप जीता और 2022 में पेनल्टी शूटआउट में फाइनल हार गया। टीम 2016 में अपने घरेलू मैदान पर यूरोपीय चैंपियनशिप का फाइनल भी हार गई थी। जिदान ने 1998 के विश्व कप में टीम की खिताबी जीत के दौरान शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने फाइनल में ब्राजील के खिलाफ 3-0 की जीत में दो गोल किए थे।

ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल : भारत की रूपा रानी और पिंकी ने पहला सेट अपने नाम किया

भारत ने महिला पेयर्स बॉल्स स्पर्धा में माल्टा को टाई-ब्रेक में हराया

दूसरा सेट माल्टा की लूसी और कोनी ने 3-4 से जीता

ग्लास्गो ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में बृहस्पतिवार को महिला पेयर्स बॉल्स स्पर्धा में माल्टा को रोमांचक टाई-ब्रेक में हराकर अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। भारत की रूपा रानी टिर्की (लीड) और पिंकी (स्किप) ने पहला सेट 7-1 से अपने नाम किया। हालांकि दूसरे सेट में उन्हें माल्टा की रेबेका लूसी रिक्सन (लीड) और कोनी ले रिक्सन (स्किप) की जोड़ी से 3-4 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद ग्रुप बी के पहले दौर के मुकाबले का फैसला टाई-ब्रेक से हुआ। टाई-ब्रेक में भारतीय टीम अपने प्रतिद्वंद्वियों से पीछे चल रही थीं लेकिन अंत में पिंकी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी आखिरी बॉल के साथ निर्णायक बढ़त दिलाते हुए भारत को जीत दिला दी।

इस बार पुरुष और महिला फोर्स स्पर्धाओं को हटाया गया

भारतीय महिला पेयर्स टीम शुक्रवार को ग्रुप बी के अपने दूसरे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी। टिर्की और पिंकी दोनों ही 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला फोर्स टीम का हिस्सा थीं। हालांकि, ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में बॉल्स प्रतियोगिता से पुरुष और महिला फोर्स स्पर्धाओं को हटा दिया गया है।

इस बार दोनों वर्ग में एकल व युगल स्पर्धाएं ही

इस बार केवल पुरुष और महिला एकल तथा पुरुष और महिला युगल स्पर्धाएं ही शामिल की गई हैं। भारत ने 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुष फोर्स स्पर्धा में भी रजत पदक जीता था।

राष्ट्रमंडल खेलों में मुक्केबाजी में भारत की उम्मीदें लवलीना पर

रिंग में उतरे बिना अपना पहला राष्ट्रमंडल खेलों का पदक पक्का कर चुकी लवलीना बोरगोहेन की नजरें शुक्रवार से खेले जाने वाले मुक्केबाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर लगी होंगी। राष्ट्रमंडल खेलों में इस बार दस ही खेल स्पर्धायें आयोजित की जा रही है और भारत को मुक्केबाजों से पदकों की उम्मीद है। मुक्केबाजी में भारत को अभी तक राष्ट्रमंडल खेलों में 44 पदक मिले हैं। भारत के आठ मुक्केबाजों को पहले दौर में बाय मिला है। जैसमीन लंबोरिया (57 किलो), प्रिया घंघास (60 किलो), प्रीति पवार (54 किलो) पदक पक्का करने से एक जीत पीछे हैं। पूर्व विश्व चैम्पियन लवलीना (75 किलो) को सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश मिला है जिसमें पांच ही मुक्केबाज हैं।

विश्व चैंपियन जैसमीन पदक की प्रबल दावेदार

सात सदस्यीय भारतीय महिला टीम बर्मिंघम के रिकॉर्ड की बराबरी या उसे बेहतर कर सकती है जहां उसने दो स्वर्ण और एक कांस्य जीता था। मौजूदा विश्व चैम्पियन जैसमीन पदक की सबसे प्रबल दावेदार है हालांकि बीमार होने के कारण वह चेक गणराज्य में अभ्यास शिविर में भाग नहीं ले सकी थी। बर्मिंघम में कांस्य जीत चुकी जैसमीन पदक का रंग बेहतर करना चाहेंगी।

डोपिंग नियम उल्लघंन के कारण भारोत्तोलन में भारत का कोटा घटा

दिलबाग सिंह टीम से बाहर

ग्लास्गो ▶▶| ग्लास्गो

क्वालीफिकेशन अवधि के दौरान कई डोपिंग रोधी नियम उल्लंघनों (एडीआरवी) के कारण भारत का कोटा कम किए जाने के बाद भारोत्तोलक दिलबाग सिंह को राष्ट्रमंडल खेलों के लिए दल से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारत का भारोत्तोलन कोटा 16 से घटाकर 11 कर दिया गया है।

भारतीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) ने ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू की अगुवाई में 12 सदस्यीय टीम की घोषणा की थी। महासंघ का कहना है कि उसे कोटा घटाए जाने की जानकारी बुधवार को ही मिली। एक विश्वसनीय सूत्र ने बातचीत में कहा, ''महासंघ को 12 से घटाकर 11 भारोत्तोलकों का कोटा किए जाने की जानकारी कल ही मिली।'' सूत्र ने बताया, ''चूंकि दिलबाग पीठ की चोट से जूझ रहे हैं और उन्होंने बर्मिंघम में आयोजित तैयारी शिविर के दौरान बिल्कुल भी ट्रेनिंग नहीं की इसलिए उन्हें टीम से बाहर करने का फैसला किया गया।'' राष्ट्रमंडल खेलों से पहले एन अजीत (71 किग्रा), साईराज परदेशी (88 किग्रा) और हरचरण सिंह (110 किग्रा) पर डोपिंग के कारण प्रतिबंध लगाया गया था।

महिला वर्ग में वंशिता भी प्रतिबंधित

महिला भारोत्तोलक वंशिता वर्मा (86 किग्रा) को भी क्वालीफिकेशन अवधि के दौरान डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर प्रतिबंधित किया गया था। कोटा में यह कटौती भारतीय भारोत्तोलन के लिए एक और बड़ा झटका है क्योंकि डोपिंग से जुड़े मामलों के कारण इस खेल को पहले भी कई बार प्रतिबंधों और दंडात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ा है।

सूर्यवंशी के तूफान में उड़ी जिम्बाब्वे

अय्यर की कप्तानी में भारत ने चखा पहली जीत का स्वाद

ग्लास्गो ▶▶| हरारे

तेज गेंदबाजों मयंक यादव और प्रिंस यादव की धारदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के तूफानी अर्धशतक से भारत ने बृहस्पतिवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जिम्बाब्वे के सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली।

■ पहले टी20 में जिम्बाब्वे पर सात विकेट से जीत पाई

जिम्बाब्वे के 126 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने सूर्यवंशी (50 रन, 19 गेंद, चार छक्के, चार चौके) और इशान किशन (35 रन, 24 गेंद, तीन चौके, दो छक्का) की पारियों से 13.2 ओवर में तीन विकेट पर 126 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी नाबाद 28 रन बनाए।

सूर्यवंशी ने रिचर्ड को लगातार दो छक्के व एक चौका मारा

लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत को सूर्यवंशी ने तूफानी शुरुआत दिलाई। सूर्यवंशी ने रिचर्ड एनगारवा की लगातार गेंदों पर दो छक्कों और एक चौके के साथ तेवर दिखाए। ब्लेसिंग मुजरबानी (26 रन पर दो विकेट) ने अभिषेक शर्मा (01) को ब्रेड इवान्स के हाथों कैच कराके जिम्बाब्वे को शुरुआती सफलता दिलाई।

पावर प्ले में भारत का स्कोर एक विकेट पर 66 रन था

सूर्यवंशी ने इवान्स की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा जबकि मुजरबानी पर दो चौके और एक छक्का जड़कर पांचवें ओवर में भारत के रनों का अर्धशतक पूरा किया। किशन ने न्युमैन नयामहुरी पर तीन चौकों के साथ पावर प्ले में भारत का स्कोर एक विकेट पर 66 रन किया।

भारत की धारदार गेंदबाजी रही

भारत ने इससे पहले मयंक (18 रन पर दो विकेट) और प्रिंस (19 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी से जिम्बाब्वे को सात विकेट पर 125 रन पर रोक दिया। रवि बिश्नोई और शिवम दुबे ने एक-एक विकेट हासिल किया। जिम्बाब्वे ने 14वें ओवर में 64 रन तक पांच विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद वेस्ली माधेवेरे (39 रन, 34 गेंद, तीन चौके, एक छक्का) और ताडिवनाशे मरुमानी (नाबाद 27, 20 गेंद, दो चौके, एक छक्का) ने छठे विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी करके टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

स्कोर बोर्ड

जिम्बाब्वे	रन	गेंद	4	6
ब्रायन बेनेट का किशन बो मयंक	00	01	0	0
बेन कुरेन का सूर्यवंशी बो प्रिंस	10	08	2	0
डियोन मायर्स का दुबे बो मयंक	06	14	1	0
सिकंदर रजा का स्थानापन्न बो दुबे	04	07	1	0
रेयान बर्ल का तिलक बो बिश्नोई	26	35	1	1
वेस्ली माधेवेरे रन आउट	39	34	3	1
ताडिवनाशे मरुमानी नाबाद	27	20	2	1
ब्रेड इवान्स का अय्यर बो प्रिंस	00	01	0	0
न्यूमैन नयामहुरी नाबाद	01	01	0	0

अतिरिक्त: 12, कुल:20 ओवर में 125/7 रन
गेंदबाजी: मयंक 4-0-18-2, अशोक 4-0-29-0,प्रिंस 4-0-19-2 दुबे 4-0-32-1, बिश्नोई 4-0-24-1

भारत	रन	गेंद	4	6
अभिषेक का इवान्स बो मुजरबानी	01	08	0	0
वैभव सूर्यवंशी का कुरेन बो एनगारवा	50	19	4	4
इशान का मायर्स बो मुजरबानी	35	24	3	2
श्रेयस अय्यर नाबाद	28	24	3	0
तिलक वर्मा नाबाद	06	05	1	0

अतिरिक्त : 06, कुल : 13.2 ओवर में 126/3 रन
गेंदबाजी: मुजरबानी 4-0-26-2, एनगारवा 2.2-0-30-1, इवान्स 2-0-26-0, नयामहुरी 2-0-30-0, रजा 3-0-14-0

मांडविया ने साइकिलिंग रैली की अगुवाई की

रायपुर। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने यहां भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ साइकिलिंग रैली की अगुवाई की और भारतवंशियों से राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान 'चीयर फोर इंडिया' मुहिम में शामिल होने का अनुरोध किया। मांडविया ने सभी भारतीयों से फिट इंडिया आंदोलन में सक्रिया भागीदारी का आग्रह भी किया। उन्होंने भारतीय मूल के लोगों से राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान भारतीय खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई के लिये भी कहा। उन्होंने आगे कहा कहा कि साइकिलिंग कई समस्याओं का समाधान है जिससे फिटनेस को बढावा मिलता है, प्रदूषण कम होता है और ट्राफिक जाम से निजात मिलती है। उन्होंने कहा ,'' साइकिलिंग मुहिम के तहत हम दुनिया को संदेश देना चाहते हैं कि साइकिलिंग से हमारा स्वास्थ्य, पर्यावरण और धरती की सुरक्षा में मदद मिलती है।''

सिंधू चाइना ओपन के दूसरे दौर से बाहर

शुरुआती बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रही, चीन की खिलाड़ी चेन से हार गई

एजेंसी ▶▶| चांग्झू

भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू शुरुआती बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रही और बृहस्पतिवार को यहां दूसरे दौर के मैच में चीन की खिलाड़ी चेन युफेई से तीन गेम के कड़े मुकाबले में हारकर चाइना ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। लगभग डेढ़ घंटे तक चले इस मैराथन मुकाबले में सिंधू विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी युफेई से 21-16, 20-22, 18-21 से हार गईं।

हैदराबाद की रहने वाली 30 वर्षीय सिंधू ने पिछले सप्ताह जापान ओपन जीतकर लंबे समय से चले आ रहे खिताबी सूखे को खत्म किया था और उन्हें इस टूर्नामेंट में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी। पहले गेम से ही यह स्पष्ट हो गया था कि मुकाबला काफी कड़ा होने वाला है। भारतीय खिलाड़ी ने पहले गेम में 7-13 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्कोर 16-16 कर दिया था। इसके बाद उन्होंने लगातार पांच अंक हासिल करके पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में वापसी करने की बारी चेन की थी। सिंधू ने चार मैच प्वाइंट गंवाए।

चेन ने टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जीता था

टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली चेन ने 16-20 की स्थिति से वापसी करते हुए यह गेम 22-20 से जीत लिया। तीसरे और निर्णायक गेम में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला। लेकिन अंत में चेन ने 17-17 के स्कोर से बढ़त बनाकर मैच अपने नाम कर दिया।

इंग्लैंड ने अगले तीन डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी हासिल की थी

द ओवल में अगले साल नौ जून से खेला जाएगा डब्ल्यूटीसी फाइनल

एजेंसी ▶▶| लंदन

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि 2027 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल नौ से 13 जून तक 'द ओवल' में खेला जाएगा। इंग्लैंड ने पिछले साल 2027, 2029 और 2031 के अगले तीन डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी के अधिकार हासिल किए थे। प्रत्येक चरण के लिए मैदान का चयन मेजबान बोर्ड इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) करेगा। अब तक खेले गए डब्ल्यूटीसी के तीनों फाइनल भी ब्रिटेन में ही आयोजित हुए हैं। यह दूसरा मौका होगा जब 'द ओवल' डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी करेगा।

अब भी सभी नौ टीमें फाइनल की दौड़ में

इससे पहले 2023 में यहां फाइनल खेला गया था जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर टेस्ट चैंपियनशिप की गदा (मेस) अपने नाम की थी। मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र के समाप्त होने में अब एक साल से भी कम समय बचा है और फाइनल में जगह बनाने की दौड़ रोमांचक मोड़ पर पहुंच गई है। अब भी सभी नौ टीमें फाइनल की दौड़ में बनी हुई हैं।

मौजूदा चैंपियन दक्षिण अफ्रीका दूसरे स्थान पर

ऑस्ट्रेलिया ने अपने आठ में से सात टेस्ट जीतकर 87.50 प्रतिशत अंक के साथ तालिका में शीर्ष स्थान पर मजबूत पकड़ बना रखी है। उसके बाद मौजूदा चैंपियन दक्षिण अफ्रीका 75 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड 72.22 प्रतिशत अंक के साथ दक्षिण अफ्रीका के करीब बना हुआ है जबकि बांग्लादेश ने मई में पाकिस्तान को 2-0 से हराकर 58.33 प्रतिशत अंक के साथ फाइनल की दौड़ में अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है।

भारत पांचवें स्थान पर है

दो बार डब्ल्यूटीसी फाइनल खेल चुकी भारतीय टीम नौ टेस्ट में चार जीत के बाद 48.15 प्रतिशत अंक प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर है। उसके ठीक पीछे श्रीलंका 41.67 प्रतिशत अंक प्रतिशत के साथ छठे स्थान पर है। इंग्लैंड (24.36 प्रतिशत), वेस्टइंडीज (15 प्रतिशत) और पाकिस्तान (8.33 प्रतिशत) को फाइनल में पहुंचने के लिए अंक तालिका में लंबी छलांग लगानी होगी।

खबर संक्षेप

बांग्लादेश में राष्ट्रपति शहाबुद्दीन देंगे इस्तीफा

ढाका। बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन के जल्द इस्तीफा देने की चर्चा तेज हो गई है।

राजनीतिक सूत्रों और मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, सरकार उनसे सहज नहीं है। उनका कार्यकाल अभी लगभग दो साल बाकी है। शेख हसीना से कथित संपर्क और उनकी प्रस्तावित वापसी को भी इस घटनाक्रम से जोड़कर देखा जा रहा है। वे 2023 में राष्ट्रपति बने थे।

एरिजोना के चुनाव में अमीश शाह जीते

फिनिक्स (एरिजोना)। भारतीय मूल के अमीश शाह ने बुधवार को एरिजोना के एक अहम कांग्रेस

(संसद) क्षेत्र में डेमोक्रेटिक पार्टी के प्राइमरी चुनाव में जीत हासिल की है। शाह की जीत से डेमोक्रेटिक कांग्रेसनल कैंपेन कमेटी (डीसीसीसी) को झटका लगा है, क्योंकि उसने शाह के प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार का समर्थन किया था।

भारतीय मूल की आर्मी सार्जेंट एंजेला की मौत

वॉशिंगटन। अमेरिकी सेना ने बताया कि पिछले सप्ताह जॉर्डन में एक ईरानी हमले में अमेरिकी सैनिक

एंजेला रामप्रसाद की मौत हो गई। उनका संबंध त्रिनिदाद और टोबैगो से था। वह 17 जुलाई को जॉर्डन के मुवफ्फक साल्टी एयर बेस पर मिसाइल हमले में मारी गई थीं। डेलावेयर के डोवर एयर बेस पर पूरे सम्मान के साथ यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने श्रद्धांजलि दी।

रूस में बंधक बनाए गए उत्तराखंड के दो भाई

पिथौरागढ़। रोजगार की तलाश में रूस गए उत्तराखंड के धारचूला के कालिका गांव निवासी भूपेंद्र सिंह

कार्की और उनके भाई आनंद सिंह कार्की के बंधक बनाए जाने का मामला सामने आया है। परिजनों के अनुसार दोनों भाइयों के पासपोर्ट और वीजा अपने कब्जे में रखे गए हैं और उन्हें उनकी इच्छा के विपरीत काम कराया जा रहा है। 20 दिनों से संपर्क नहीं हो पाया है। जिससे परिवार में चिंता का माहौल है।

33वीं आसियान क्षेत्रीय मंच की मंत्रिस्तरीय बैठक में एस. जयशंकर बोले

अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर हमले अस्वीकार्य आतंकवाद को लेकर जीरो टॉलरेंस आवश्यक

एजेंसी ▶▶ मनीला

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मनीला में आयोजित 33वीं आसियान क्षेत्रीय मंच मंत्रिस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापारिक जहाजों और नागरिक बुनियादी ढांचे पर हमले पूरी तरह अस्वीकार्य हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों से होने वाला व्यापार सुरक्षित, निर्बाध और स्वतंत्र रूप से जारी रहना चाहिए। जयशंकर ने मनीला प्लान ऑफ एक्शन का स्वागत किया, जिसके पांचों प्रमुख स्तंभ भारत के इंडो-पैसिफिक दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। भारत आपदा राहत के क्षेत्र में सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने, सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को साझा करने, साझा मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) विकसित करने और वास्तविक समय व टेबल-टॉप अभ्यास आयोजित करने का समर्थन करता है।

> उत्तरी अरब सागर से लेकर पश्चिमी प्रशांत तक समुद्री सुरक्षा में भारत का अहम योगदान

सीडीआरआई का किया समर्थन

आसियान फोरम की बैठक को संबोधित करते जयशंकर

विदेश मंत्री जयशंकर ने बताया कि भारत कोएलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर (सीडीआरआई) का समर्थन करता है। नियमित रूप से फील्ड अस्पताल, खोज एवं बचाव दल, राहत सामग्री और चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराता है। हाल के समय में भारत ने श्रीलंका, फिलीपींस, जमैका में आए चक्रवातों के साथ ही म्यांमार, वेनेजुएला और अफगानिस्तान में आए भूकंपों के बाद पुनर्वास और राहत कार्यों में सहयोग दिया है।

पापुआ न्यू गिनी के विदेश मंत्री के साथ की द्विपक्षीय वार्ता

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मनीला में पापुआ न्यू गिनी के विदेश मंत्री जस्टिन डब्ल्यू. तकाचेंको के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। उन्होंने प्रशांत महासागर के द्वीपीय देश विकास और कैपेसिटी बिल्डिंग प्राथमिकता के साथ-साथ समुद्री सुरक्षा को समर्थन करने के लिए भारत की तैयारी पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने आपसी सहयोग को गहरा करने पर भी चर्चा की।

ब्रुनेई के साथ नई तकनीक पर सहयोग

विदेश मंत्री जयशंकर ने ब्रुनेई के विदेश मंत्री अब्दुल मतीन से भी मुलाकात की। जयशंकर ने बताया कि एआई, ड्रोन, डिजिटल समेत तेजी से बदलती तकनीक ने जुड़ाव के नए रास्ते खोले हैं। दोनों पक्षों नई तकनीक में सहयोग बढ़ाने और द्विपक्षीय एजेंडा को आगे बढ़ाने पर भी सहमत हुए।

आतंकियों के वित्तीय स्त्रोतों पर रोक लगाएं

आतंकवाद के मुद्दे पर जयशंकर ने जीरो टॉलरेंस की नीति दोहराते हुए कहा कि आतंकवादी गतिविधियों के गंभीर परिणाम होने चाहिए। उन्होंने आतंकवाद को वित्तीय सहायता पहुंचाने वाले स्रोतों पर रोक लगाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत, मलेशिया के साथ मिलकर आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक प्लस (एडीएमएम+) के आतंकवाद-रोधी विशेषज्ञ कार्य समूह की सह-अध्यक्षता कर रहा है और आतंकवाद से निपटने की सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों का संकलन तैयार कर रहा है। जयशंकर ने दक्षिण चीन सागर के मुद्दे पर कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि के अनुरूप एक प्रभावी, सार्थक और कानूनी रूप से बाध्यकारी आचार संहिता का समर्थन करता है, जो सभी वैध उपयोगकर्ताओं के अधिकारों का सम्मान करे। भारत का इन्फॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर, इंडो-पैसिफिक मैरीटाइम डोमेन अवेयरनेस पहल और उत्तरी अरब सागर से लेकर पश्चिमी प्रशांत तक भारतीय नौसैनिक बलों की तैनाती समुद्री व्यापार को सुरक्षित बना रही है।

यूएई में भारतीयों को बड़ी राहत

फिर शुरू हुई पासपोर्ट-वीजा सेवाएं, 16 नए कांसुलर केंद्रों के जरिए दी जाएंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रहने वाले भारतीयों के लिए बड़ी राहत की खबर है। सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम निर्देशों के बाद पासपोर्ट, वीजा और दस्तावेज सत्यापन की सेवाएं फिर से शुरू हो गई हैं। अब ये सभी सेवाएं 16 नए कांसुलर केंद्रों के जरिए दी जाएंगी। इसके लिए लोगों को पहले ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लेना होगा। यूएई में भारतीय पासपोर्ट, वीजा और दस्तावेज सत्यापन की सेवाएं अब नए सेवा प्रदाता अल हिंद टूर्स एंड ट्रैवल्स के जरिए दी जा रही हैं। नई व्यवस्था 22 जुलाई से लागू हो गई है। इसके तहत पूरे यूएई में बने 16 भारतीय कांसुलर आवेदन केंद्र काम करेंगे। दुबई में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बताया है कि पासपोर्ट रिन्यू, नया पासपोर्ट, वीजा से जुड़े आवेदन और दस्तावेज सत्यापन अब इन्हीं केंद्रों के जरिए होंगे। किसी भी केंद्र पर जाने से पहले कांसुलर सेवा यूएई पोर्टल पर अपॉइंटमेंट लेना जरूरी होगा। यह बदलाव इसलिए हुआ क्योंकि 30 जून 2026 को पहले के आउटसोर्सिंग अनुबंध समाप्त हो गए थे। वहीं वीजा ऑन अराइवल के लिए पासपोर्ट की वैधता कम से कम 6 महीने की होनी जरूरी है।

जलवायु परिवर्तन से फ्रांस में कहर

भीषण गर्मी से 16 दिनों में 20 हजार से ज्यादा मौतें, सेहत को बड़ा खतरा

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस में 2026 की भीषण गर्मी ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। जून के आखिरी दिनों और जुलाई की शुरुआत के बीच देश में 20 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई। फ्रांस की पब्लिक हेल्थ एजेंसी के मुताबिक, 17 जून से 2 जुलाई के बीच 21674 लोगों की मौत हुई, जबकि इस समय में आमतौर पर करीब 15910 मौतें होती हैं यानी इस बार सामान्य से 5764 ज्यादा मौतें हुईं। तेज गर्मी अब सिर्फ मौसम की परेशानी नहीं रह गई है, बल्कि यह लोगों की सेहत के लिए बड़ा खतरा बन रही है। अधिकारियों का कहना है कि सभी मौतें सीधे गर्मी की वजह से नहीं हुईं। ज्यादा तापमान ने कई लोगों की पहले से मौजूद बीमारियों को और गंभीर कर दिया, जिससे मौतों की संख्या बढ़ गई। शुरुआत में मौतों का अनुमान कम था, लेकिन बाद में मिले आंकड़ों से पता चला कि गर्मी का असर पहले से ज्यादा बड़ा था। इस दौरान अस्पतालों और देखभाल केंद्रों पर भी लोगों का दबाव बढ़ गया। अतिरिक्त मौतों में करीब दो-तिहाई लोग 75 साल या उससे ज्यादा उम्र के थे। ज्यादा उम्र के लोगों के लिए तेज गर्मी ज्यादा खतरनाक होती है, क्योंकि उनका शरीर तापमान को आसानी से नियंत्रित नहीं कर पाता। इस दौरान करीब आधी मौतें अस्पतालों में हुईं।कई मौतें नर्सिंग होम और लोगों के घरों में भी दर्ज की गईं।

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में हेड कॉन्स्टेबल की हत्या में थे शामिल

लश्कर के 2 आतंकियों के घर आईईडी लगाकर ढहाए

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में प्रशासन ने गुरुवार को लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकियों के घर आईईडी लगाकर ध्वस्त कर दिए। यह कार्रवाई लाल चौक में पुलिस बल के हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी की हत्या के एक दिन बाद की गई। अधिकारियों के मुताबिक, जिन आतंकियों के मकान गिराए गए उनमें बिजबेहड़ा के गुरी गांव निवासी आदिल ठोकर और हसनपोरा निवासी हारून गनई शामिल है। मंगलवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे कॉन्स्टेबल कुरैशी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमले में ये दोनों आतंकी भी शामिल थे। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग स्थित लाल चौक पर आतंकियों ने इस कायराना वारदात को अंजाम दिया था। भारतीय रिजर्व पुलिस और एसओजी से जुड़े हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी अमरनाथ यात्रा ड्यूटी पर तैनात थे। जिस वक्त यह हमला हुआ, उस समय खराब मौसम के कारण अमरनाथ यात्रा अस्थायी रूप से रुकी हुई थी। दोपहर करीब 12:30 बजे आतंकियों ने आतंकियों ने उन्हें बहुत करीब से निशाना बनाया और उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद दोनों तरफ से गोलियां चलीं। हमले के बाद आतंकी भाग गए। इस दौरान हेड कॉन्स्टेबल आशिक हुसैन कुरैशी जख्मी हो गए। उन्हें तुरंत सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शहीद जवान आशिक हुसैन के परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं। लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

सीमा पार आतंकवाद को लेकर यूएन में पाक पर भड़का भारत

कहा- कश्मीर हमेशा से हमारा अभिन्न अंग विश्वास और सद्भाव पर ही मिलेगा सहयोग

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने पाकिस्तान की टिप्पणियों को कड़े शब्दों में खारिज करते हुए कहा कि जब सीमा पार आतंकवाद का इस्तेमाल सरकारी नीति के हथियार के रूप में किया जाता है तो सिंधु जल संधि के तहत सहयोग की उम्मीद नहीं की जा सकती। भारत ने यह भी दोहराया कि जम्मू कश्मीर देश का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा हमेशा था, है और रहेगा।

सिंधु जल संधि रहेगी स्थगित

पर्वतनेनी ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 'प्राकृतिक संसाधनों का प्रशासनः शांति, सुरक्षा और समृद्धि की नींव' विषय पर आयोजित खुली बहस में कहा कि सिंधु जल संधि को लेकर भारत का रुख स्पष्ट और एकसमान है। जब सीमा पार आतंकवाद का सरकारी नीति के हथियार के तौर पर नियमित रूप से इस्तेमाल किया जाता है तो आपसी विश्वास और सद्भाव के आधार पर सहयोग की उम्मीद नहीं की जा सकती।

पाकिस्तान अपने गिरेबान में झांके

पर्वतनेनी ने कहा कि जहां तक केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा हमेशा था, है और रहेगा। यह संवैधानिक और कानूनी वास्तविकता है, पाकिस्तान जानबूझकर नजरअंदाज करता है। जम्मू कश्मीर से जुड़ा एकमात्र लंबित मुद्दा पाकिस्तान द्वारा भारत के संप्रभु क्षेत्र पर खुलेआम हमला और अवैध कब्जा है। भारत पर उंगली उठाने के बजाए अपने देश को व्यवस्थित करके पाकिस्तान अपना और अपने लोगों का अधिक भला कर सकता है।

श्रीलंका में इस साल डेंगू से 56 की मौत

कोलंबो। इस साल श्रीलंका में डेंगू के वायरस से 56 लोगों की मौत हुई है और 77,000 से ज्यादा लोग संक्रमित हुए हैं, जिनमें से करीब 20 हजार मामले सिर्फ जुलाई में ही सामने आए हैं। ये बीमारी इतने खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है कि सरकार को इससे निपटने के लिए ड्रोन तैनात किए हैं। मिलिट्री ड्रोन की मदद से छतों और मच्छरों के पनपने वाली जगहों का पता लगाया जा रहा है। जगह-जगह जमा पानी का पता लगाया जा रहा है।

6 यात्री विमान टोही विमान के रूप में विकसित किए जाएंगे

डीआरडीओ ने दो निजी कंपनियों के साथ किए एमओयू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की हवाई निगरानी और रक्षा क्षमता को नई मजबूती देने की दिशा में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार को दो महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

ये समझौते एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल (एईडब्ल्यू एंड सी) मार्क-2 कार्यक्रम के तहत किए गए हैं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इससे भारतीय वायुसेना की निगरानी, कमान और नियंत्रण क्षमता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। साथ ही, आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी नई गति मिलेगी।

> एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल मार्क-2 के तहत समझौते
>
> अधिक दूरी से दुश्मनों की गतिविधियों पर नजर रख सकेंगे

कंपनियां विकास और उत्पादन करेंगी

डीआरडीओ के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में हुए एमओयू

पहला समझौता एआई इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड के साथ किया गया है। इसके तहत छह ए321 यात्री विमानों को सैन्य उपयोग के अनुरूप तैयार किया जाएगा। इन विमानों में विशेष उपकरण और अत्याधुनिक प्रणालियां लगाकर उन्हें एईडब्ल्यू एंड सी मार्क-2 विमान के रूप में विकसित किया जाएगा। दूसरा समझौता अडाणी डिफेंस सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के साथ हुआ है। कंपनी इस परियोजना में विकास एवं उत्पादन साझेदार की भूमिका निभाएगी। वह इन विमानों में लगने वाली मिशन प्रणालियों के विकास और उनके एकीकरण में डीआरडीओ का सहयोग करेगी।

युद्धक्षेत्र की बेहतर जानकारी मिल सकेगी

डीआरडीओ की सेंटर फॉर एयरबोर्न सिस्टम्स (सीएबीएस) इस परियोजना की प्रमुख प्रयोगशाला है। एईडब्ल्यू एंड सी मार्क-2 प्रणाली तैयार होने के बाद भारतीय वायुसेना को लंबी अवधि तक हवाई निगरानी करने, अधिक दूरी से दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखने, सुरक्षित संचार स्थापित करने, युद्धक्षेत्र की बेहतर जानकारी हासिल करने तथा अधिक प्रभावी कमान एवं नियंत्रण की क्षमता मिलेगी। इससे लंबी दूरी से आने वाले संभावित खतरों का समय रहते पता लगाकर उनका प्रभावी जवाब देना आसान हो जाएगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28